# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2011
## प्राथमिक स्तर (CLASS : I-V)

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** **(परीक्षा तिथि : 26 जून, 2011)**

## भाग-1 : बाल-विकास एवं शिक्षा शास्त्र
## (Child Development and Pedagogy)

**निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**1. प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षक में निम्न में से किसे सबसे महत्वपूर्ण विशेषता मानना चाहिए?**

(a) धैर्य और दृढ़ता
(b) शिक्षण-पद्धतियों और विषयों के ज्ञान में दक्षता
(c) अति मानक भाषा में पढ़ाने में दक्षता
(d) पढ़ाने की उत्सुकता

**Ans: (a)** प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षक में सबसे महत्वपूर्ण विशेषता धैर्य और दृढ़ता होनी चाहिए। जिससे कि शिक्षक किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्र/छात्रा की सहजता से समस्याओं का समाधान कर सके।

**2. एक शिक्षक अपने लोकतांत्रिक स्वभाव के कारण विद्यार्थियों को पूरी कक्षा में कहीं भी बैठने की अनुमति देता है। कुछ शिक्षार्थी एक-साथ बैठते हैं और चर्चा करते हैं या सामूहिक पठन करते हैं। कुछ चुपचाप बैठकर अपने-आप पढ़ते हैं। एक अभिभावक को यह पसंद नहीं आता। इस स्थिति से निबटने का निम्न में से कौन सा तरीका सबसे बेहतर हो सकता है?**

(a) अभिभावकों को प्रधानाचार्य से अनुरोध करना चाहिए कि वे उनके बच्चे का अनुभाग बदल दें
(b) अभिभावकों को शिक्षक पर विश्वास व्यक्त करना चाहिए और शिक्षक के साथ समस्या पर चर्चा करनी चाहिए
(c) अभिभावकों को उस विद्यालय से अपने बच्चे को निकाल लेना चाहिए
(d) अभिभावकों को प्रधानाचार्य से शिक्षक की शिकायत करनी चाहिए।

**Ans: (b)** यदि कोई शिक्षक अपने लोकतांत्रिक स्वभाव के कारण अगर छात्रों को पूरी कक्षा में कहीं भी बैठने की अनुमति देता है जिससे कि कुछ छात्र एक साथ बैठते हैं तथा चर्चा करते हैं कुछ सामूहिक पठन करते हैं तथा कुछ चुपचाप बैठकर पढ़ते हैं। अगर इस स्थिति में छात्रों के बैठने पर किसी अभिभावक को परेशानी होती है या उन्हें ये ठीक नहीं लगता तो सबसे पहले शिक्षक से बात करनी चाहिए तथा शिक्षक पर विश्वास करना चाहिए।

**3. वह अवस्था जब बच्चा तार्किक रूप से वस्तुओं व घटनाओं के विषय में चिंतन प्रारंभ करता है, है**

(a) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था
(b) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(c) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था
(d) संवेदी-प्रेरक अवस्था

**Ans: (c)** मूर्त- संक्रियात्मक अवस्था में बच्चा किसी वस्तुओं व घटनाओं के विषय में चिंतन प्रारम्भ करता है इस अवस्था का प्रसार-7 से 11 वर्ष होता है। इस अवस्था में बच्चा तार्किक चिंतन और वस्तुओं को समझने योग्य हो जाता है मनोवैज्ञानिक पियाजे के अनुसार बच्चे में इस अवस्था में प्रमुख पाँच योग्यताओं का विकास होता है। (a) संरक्षण (b) संख्या बोध (c) क्रमानुसार (d) वर्गीकरण (5) पारस्परिक सम्बन्ध की क्षमता।

**4. 'मन का मानचित्रण' संबंधित है**

(a) साहसिक कार्यों की क्रिया-योजना से
(b) मन का चित्र बनाने से
(c) मन की क्रियाशीलता पर अनुसंधान से
(d) बोध (समझ) बढ़ाने की तकनीक से

**Ans: (c)** 'मन का मानचित्रण' का अर्थ 'मन की क्रियाशीलता पर अनुसंधान से' है अतः अर्थानुसार किसी कार्य को करने से पहले उसकी एक रूपरेखा मन में बना लेना चाहिए।

**5. विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की सीखने सम्बन्धी समस्याओं को संबोधित करने का सबसे बेहतर तरीका है**

(a) महँगी और चमकदार सहायक सामग्री का प्रयोग करना
(b) सरल और रोचक पाठ्य-पुस्तकों को प्रयोग करना
(c) कहानी-कथन पद्धति का प्रयोग करना
(d) क्षमता के अनुरूप विभिन्न शिक्षण-पद्धतियों का प्रयोग करना

**Ans: (d)** प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की सीखने सम्बन्धी समस्याओं को संबोधित करने का सबसे बेहतर तरीका है कि अगर किसी शिक्षार्थी को कुछ समझाना है तो उसके लिए एक नहीं बल्कि उसके क्षमता के अनुसार उसे विभिन्न शिक्षण-पद्धतियों का प्रयोग करना चाहिए ताकि प्राथमिक स्तर के छात्र को पूर्ण रूप से समझ सके।



https://teacherscare.in/

6. **निम्न में से कौन-सा शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता का पोषण करता है?**
   (a) प्रत्येक शिक्षार्थी की अंतर्जात प्रतिभाओं का पोषण करने के अवसर उपलब्ध कराना
   (b) विद्यालयी जीवन के प्रारंभ से उपलब्धि के लक्ष्यों पर बल देना
   (c) परीक्षा में अच्छे अंको के लिए विद्यार्थियों की कोचिंग करना
   (d) अच्छा शिक्षा के व्यावहारिक मूल्यों के लिए विद्यार्थियों का शिक्षण

**Ans: (a)** प्रत्येक शिक्षार्थी में अंतर्जात प्रतिभाओं का पोषण करने एवं प्रश्न करने के अवसर उपलब्ध कराने से ही शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता का पोषण करता है।

7. **पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सी अवस्था में बच्चा अमूर्त संकल्पनाओं के विषय में तार्किक चिंतन करना आरंभ करता है?**
   (a) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था (12 वर्ष एवं ऊपर)
   (b) संवेदी –प्रेरक अवस्था (जन्म -02 वर्ष)
   (c) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (02-07 वर्ष)
   (d) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था (07-11 वर्ष)

**Ans: (a)** औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था (12 वर्ष एवं ऊपर) औपचारिक संक्रिया की अवस्था संज्ञानात्मक विकास की अन्तिम अवस्था है यह 11 के बाद होता है। मूल रूप से यह अवस्था तार्किक चिन्तन की अवस्था है। अर्थात् इस अवस्था का बालक अन्य वस्तुओं के अतिरिक्त स्वयं के विचारों के सम्बन्ध में विचार करने में समर्थ हो जाता है। बालक उद्दीपकों की अनुपस्थिति में भी उनकी विशेषताओं, उपयोगिताओं एवं अन्य बिन्दुओं के बारे में सोच सकता है। बालक के विचार परिपक्व हो जाते हैं।

8. **सीखना समृद्ध हो सकता है यदि–**
   (a) कक्षा में अधिक-से-अधिक शिक्षण-सामग्री का प्रयोग किया जाए
   (b) शिक्षक विभिन्न प्रकार के व्याख्यान और स्पष्टीकरण का प्रयोग करें
   (c) कक्षा में आवधिक परीक्षाओं पर अपेक्षित ध्यान दिया जाए
   (d) वास्तविक दुनिया से उदाहरणों को कक्षा में लाया जाए जिसमें विद्यार्थी एक-दूसरे से अंतःक्रिया करें और शिक्षक उस प्रक्रिया को सुगम बनाए

**Ans: (d)** सीखना समृद्ध हो सकता है यदि शिक्षक वास्तविक दुनिया से उदाहरणों को कक्षा में लाये तथा जिसमें विद्यार्थी एक-दूसरे से अन्तःक्रिया करें और शिक्षक उस प्रक्रिया को सुगम बनाए क्योंकि शिक्षार्थी वास्तविक दुनिया के उदाहरणों को निरंतर देखते हैं तथा सुनते हैं इसलिए अगर शिक्षक वास्तविक दुनिया के उदाहरणों को कक्षा में लायेगा और समझायेंगे तो शिक्षार्थी को समझने में सरलता होगी।

9. **निम्न में से कौन से कथन को सीखने की प्रक्रिया की विशेषता नहीं मानना चाहिए?**
   (a) सीखना एक व्यापक प्रक्रिया है
   (b) सीखना लक्ष्योन्मुखी होता है
   (c) अन-अधिगमक भी सीखने की प्रक्रिया है
   (d) शैक्षिक संस्थान ही एकमात्र स्थान हैं जहाँ अधिगम प्राप्त होता है

**Ans: (d)** शैक्षिक संस्थान ही एकमात्र संस्थान है जहाँ अधिगम प्राप्त होता है सीखने की प्रक्रिया की विशेषता नहीं माननी चाहिए क्योंकि सीखना एक ऐसी प्रक्रिया है कि अगर किसी शिक्षार्थी में सीखने की प्रवृत्ति है तो उसे शिक्षार्थी को शैक्षिक संस्थान ही एकमात्र स्थान नहीं है बल्कि अपने ज्ञान को कहीं भी किसी अध्यापक की सहायता से प्राप्त कर सकता है।

10. **पाँचवीं कक्षा के 'दृष्टिबाधित' विद्यार्थी**
   (a) के माता-पिता और मित्रों द्वारा उसे दैनिक कार्यों को करने में सहायता की जानी चाहिए
   (b) के साथ कक्षा में सामान्य रूप से व्यवहार किया जानाा चाहिए और श्रव्य सी.डी. के माध्यम से सहायता उपलबध कराई जानी चाहिए
   (c) के साथ कक्षा में विशेष व्यवहार किया जाना चाहिए
   (d) को निचले स्तर के कार्य करने की छूट मिलनी चाहिए

**Ans: (b)** पाँचवीं कक्षा के 'दृष्टिबाधित' विद्यार्थी के साथ कोई विशेष व्यवहार न करके बल्कि उसके साथ कक्षा में शृव्य सी.डी. के माध्यम से उसे सीखाने की सहायता उपलब्ध करानी चाहिए तथा उसके साथ भी एक सामान्य व्यवहार करना चाहिए।

11. **निम्न में से कौन-सा बच्चे की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं के साथ संबद्ध नहीं है?**
   (a) संवेगात्मक सुरक्षा की आवश्यकता
   (b) शरीर में अपशिष्ट पदार्थों का नियमित रूप से बाहर निकलना
   (c) सान्निध्य (संगति) की आवश्यकता
   (d) सामाजिक अनुमोदन अथवा सराहना की आवश्यकता

**Ans: (b)** शरीर से अपशिष्ट पदार्थें को नियमित रूप से बाहर निकलना एक शारीरिक आवश्यकता है न कि सामाजिक मनोवैज्ञानिक आवश्यकता।

12. **वह कौन-सा स्थान है जहाँ बच्चे के 'संज्ञानात्मक' विकास को सबसे बेहतर तरीके से परिभाषित किया जा सकता है?**
   (a) विद्यालय एवं कक्षा पर्यावरण (b) सभागार
   (c) घर (d) खेल का मैदान

**Ans:(a)** विद्यालय एवं कक्षा पर्यावरण के द्वारा ही बच्चे के संज्ञानात्मक अर्थात् ज्ञान से संबंधी विकास को सबसे बेहतर तरीके से परिभाषित किया जा सकता है। क्योंकि विद्यालय एवं कक्षा पर्यावरण ही एक ऐसा स्थान है जहाँ उस शिक्षार्थी को ज्ञान संबंधी आवश्यकताओं और उसकी समस्याओं का निदान किया जा सकता है।



https://teacherscare.in/

13. ------को एक अभिप्रेरित शिक्षण का संकेतक माना जाता है
(a) शिक्षक द्वारा दिया गया उपचारात्मक कार्य
(b) विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना
(c) कक्षा में एकदम खामोशी
(d) कक्षा में अधिकतम उपस्थिति

**Ans: (b)** विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना एक अभिप्रेरित शिक्षण का संकेतक माना जाता है क्योंकि, अभिप्रेरक किसी भी व्यक्ति को व्यवहार करने के लिए शक्ति प्रदान करते हैं। छात्र अपने अधिगम संबंधी लक्ष्यों को तभी प्राप्त कर सकता है यदि वह अभिप्रेरित है। अध्यापक छात्रों के पूर्व अनुभवों तथा विशेषकर रुचियों को प्रयोग में लाकर अधिगम के लिए अभिप्रेरित कर सकता है।

14. निम्न में से कौन सा बुद्धिमान बच्चे का लक्षण नहीं है?
(a) वह जो प्रवाहपूर्ण एवं उचित तरीके से संप्रेषण करने की क्षमता रखता है
(b) वह जो अमूर्त रूप से सोचता रहता है
(c) वह जो नए परिवेश में स्वयं को समायोजित कर सकता है
(d) वह जो लंबे निबंधों को बहुत जल्दी रटने की क्षमता रखता

**Ans: (d)** वे बच्चे जो किसी भी लंबे प्रश्न के उत्तर को समझने की जगह उसे रटने की क्षमता रखते हैं। रटने से छात्र उसे हल करने की कोशिश तो करते हैं लेकिन उससे समझ नहीं सकते। जिससे उसे आगे के प्रश्नों में समस्या होगी। अतः रटना बुद्धिमान बच्चे का लक्षण नहीं है।

15. ''बच्चे दुनिया के बारे में अपनी समझ का सृजन करते हैं।'' इसका श्रेय-----को जाता है।
(a) पैवलॉव (b) कोह्लबर्ग
(c) स्किनर (d) पियाजे

**Ans: (d)** पियाजे के अनुसार ''बच्चे दुनिया के बारे में अपनी समझ का सृजन करते है''

16. कृतिका अक्सर घर में ज्यादा बात नहीं करती, लेकिन विद्यालय में वह काफी बात करती है। यह दर्शाता है कि
(a) शिक्षकों की माँग होती है कि बच्चे विद्यालय में खूब बात करें
(b) कृतिका को अपना घर बिल्कुल पसंद नहीं है
(c) उसके विचारों को विद्यालय में मान्यता मिलती है
(d) विद्यालय हर समय बच्चों को खूब बात करने का अवसर देता है

**Ans: (c)** कृतिका अक्सर घर में कम बात तथा विद्यालय में अधिक बात करती है उसका कारण यह हो सकता है कि घर में उसकी बातों को ज्यादा मान्यता न मिलती हो अपेक्षाकृत विद्यालय के इसीलिए वह विद्यालय में ज्यादा बात करती है घर में कम।

17. एक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों की क्षमताओं को समझने का प्रयास करना चाहिए। निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र इस उद्देश्य के साथ संबद्ध है?
(a) सामाजिक दर्शन (b) मीडिया-मनोविज्ञान
(c) शिक्षा-मनोविज्ञान (d) शिक्षा-समाजशास्त्र

**Ans: (c)** शिक्षा मनोविज्ञान, शैक्षिक परिस्थितियों में बालक के व्यवहार का अध्ययन करके शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, सुगम तथा प्रभावी बनाने का विज्ञान है। इसमें शिक्षक अपने विद्यार्थियों की क्षमताओं को समझने का प्रयास करता है तथा उसी अनुरूप उससे सुधार करने का प्रयास करता है।

18. सीखने की प्रक्रिया में, अभिप्रेरणा
(a) पिछले सीखे हुए को नए अधिगम से अलग करती है
(b) शिक्षार्थियों को एक दिशा में सोचने के योग्य बनाती है
(c) शिक्षार्थियों में सीखने के प्रति रुचि का विकास करती है
(d) शिक्षार्थियों की स्मरण-शक्ति को पैना बनाती है

**Ans: (c)** शिक्षण अभिप्रेरणा, पढ़ाई-लिखाई संबंधी प्रक्रिया में विद्यार्थियों की भागीदारी की इच्छा के साथ उत्पन्न होने के लिए प्रेरित करती है अतः अभिप्रेरणा शिक्षार्थियों में सीखने के प्रति रुचि का विकास करती है।

19. शिक्षा के क्षेत्र में 'पाठ्यचर्या' शब्दावली-----की ओर संकेत करती है।
(a) विद्यालय का संपूर्ण कार्यक्रम जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन अनुभव प्राप्त करते हैं
(b) मूल्यांकन –प्रक्रिया
(c) कक्षा में प्रयुक्त की जाने वाली पाठ्य सामग्री
(d) शिक्षण-पद्धति एवं पढ़ाई जाने वाली विषय-वस्तु

**Ans: (a)** शिक्षा क्षेत्र में 'पाठ्यचर्या' शब्दावली विद्यालय के संपूर्ण कार्यक्रम जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन अनुभव प्राप्त करते हैं, की ओर संकेत करती है।

20. निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल-पद्धति मूल रूप से आधारित है
(a) शिक्षण-पद्धति के सिद्धांतों पर
(b) विकास एवं वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर
(c) शिक्षण के समाजशास्त्रीय सिद्धांतों पर
(d) शारीरिक शिक्षा कार्यक्रमों के सिद्धांत पर

**Ans: (b)** निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल-पद्धति मूल रूप से विकास एवं वृद्धि में मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है क्योंकि छोटे बच्चों में सीखने, याद रखने और जानकारी का प्रतीक बनाने और समस्याओं को हल करने की क्षमता सामान्य स्तर पर होती है। इसीलिए निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल-पद्धति मूल रूप से विकास एवं वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित है।

21. ''एक बच्चा अतीत की समान परिस्थिति में की गई अनुक्रियाओं के आधार पर नई स्थिति के प्रति अनुक्रिया करता है।'' यह किससे सम्बन्धित है?
(a) सीखने का 'प्रभाव-नियम'
(b) सीखने की प्रक्रिया का 'अभिवृत्ति-नियम
(c) सीखने का 'तत्परता-नियम'
(d) सीखने का सादृश्यता-नियम


https://teacherscare.in/

**Ans: (d)** सीखने का सादृश्यता-नियम के अनुसार एक बच्चा किसी नवीन परिस्थिति या समस्या के उपस्थित होने पर उससे मिलती जुलती अन्य परिस्थिति का स्मरण करता है जिसे वह पहले भी अनुभव कर चुका है। वह उसके साथ वैसी ही प्रतिक्रिया करेगा जैसा कि उसने पहली परिस्थिति एवं समस्या के साथ की थी।

**22. ----'प्रतिभाशाली' होने का संकेत नहीं है।**

(a) दूसरों के साथ झगड़ना
(b) अभिव्यक्ति में नवीनता
(c) जिज्ञासा
(d) सृजनात्मक विचार

**Ans: (a)** प्रतिभाशाली बालक अपने समवयस्कों के साथ सोहार्दपूर्ण व्यवहार करता है, उनका सहयोग करता है और उनके साथ सामंजस्य स्थापित करता है न कि दूसरों के साथ झगड़ा करता है।

**23. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा उपलबध कराई जानी चाहिए**

(a) विशेष विद्यालयों में विशेष बच्चों के लिए विकसित पद्धतियों द्वारा
(b) विशेष विद्यालयों में
(c) विशेष विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा
(d) अन्य सामान्य बच्चों के साथ

**Ans: (d)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 (NCF-2005) में समावेशी शिक्षा की संस्तुति की गई है जिसमें सभी प्रकार के बच्चों (सामान्य एवं विशेष) को एक ही स्थान पर शिक्षा दी जाती है।

**24. आकलन को 'उपयोगी और रोचक' प्रक्रिया बनाने के लिए ----के प्रति सचेत होना चाहिए।**

(a) विद्यार्थियों को बुद्धिमान या औसत शिक्षार्थी की उपाधि देना
(b) शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में विद्यार्थी के सीखने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए विविध तरीकों को प्रयोग करना
(c) प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने के लिए तकनीकी भाषा का प्रयोग करना
(d) अलग-अलग विद्यार्थियों में तुलना करना

**Ans: (b)** आकलन को उपयोगी और रोचक प्रक्रिया बनाने के लिए शिक्षक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में विद्यार्थी के सीखने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए विविध तरीकों का प्रयोग करना चाहिए।

**25. 'डिस्लेक्सिया' किससे सम्बन्धित है?**

(a) गणितीय विकास (b) पठन विकार
(c) व्यवहार-सम्बन्धी विकास (d) मानसिक विकास

**Ans: (b)** डिस्लेक्सिया का संबंध पठन-विकार से है जिसमें बच्चा अक्षरों का पहचान नहीं कर पाता है जिस कारण उसे पाठ्य-पुस्तक पढ़ने में समस्या महसूस होती है।

**26. बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में माता-पिता को ---- भूमिका निभानी चाहिए।**

(a) अग्रोन्मुखी (b) सहानुभूतिपूर्ण
(c) तटस्थ (d) नकारात्मक

**Ans: (a)** बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में माता-पिता को अग्रोन्मुखी भूमिका निभानी चाहिए तथा उन्हें और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।

**27. ''विकास कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है।'' यह विचार किससे सम्बन्धित है?**

(a) निरंतरता का सिद्धांत
(b) एकीकरण का सिद्धांत
(c) अंतःक्रिया का सिद्धांत
(d) अंतः सम्बन्ध का सिद्धांत

**Ans: (a)** 'विकास कभी न समाप्त होने की प्रक्रिया है' यह विचार निरंतरता का सिद्धांत से सम्बन्धित है।

**28. 'सीखने के अंतःदृष्टि सिद्धांत' को किसने बढ़ावा दिया?**

(a) पैवलॉव (b) जीन पियाजे
(c) वाइगोत्स्की (d) 'गेस्टाल्ट' सिद्धांतवादी

**Ans: (d)** सीखने के अंतःदृष्टि सिद्धांत को जर्मनी के गेस्टाल्ट सिद्धांतवादियों ने बढ़ावा दिया।

**29. निम्नलिखित में से किस अवस्था में बच्चे अपने समवयस्क समूह के सक्रिय सदस्य हो जाते हैं?**

(a) प्रौढ़ावस्था (b) पूर्व बाल्यावस्था
(c) बाल्यावस्था (d) किशोरावस्था

**Ans: (d)** किशोरावस्था में बच्चें अपने समवयस्क समूह के सक्रिय सदस्य हो जाते हैं।

**30. बच्चों के बौद्धिक विकास की चार विशिष्ट अवस्थाओं की पहचान की गई**

(a) एरिकसन द्वारा (b) स्किनर द्वारा
(c) पियाजे द्वारा (d) कोहलबर्ग द्वारा

**Ans: (c)** बच्चों के बौद्धिक विकास की चार विशिष्ट अवस्थाओं की पहचान पियाजे द्वारा की गयी है।
संवेदी गामक काल – 0-2 वर्ष
पूर्व संक्रिया काल – 2-7 वर्ष
मूर्त संक्रिया काल – 7-12 वर्ष
औपचारिक संक्रिया काल – 12-18 वर्ष





https://teacherscare.in/


# भाग-2 : गणित
## (Math)


**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**31. एक पासे के विपरीत फलकों की संख्याओं का योगफल 7 होता है। निम्नलिखित में से कौन सा पासे में सही होगा?**


(a)



(b)



(c)



(d)



**Ans: (b)** ∵ पासे में छः फलके होती हैं।
प्रश्नानुसार विपरीत फलकों का योग 7 होना चाहिये (जो एक मानक पासा है।)
अतः विकल्प से,
दूसरा विकल्प लेने पर




उपर्युक्त पासे को पासा रूप देने पर
1 के विपरीत 6 होगा।
4 के विपरीत 3 होगा।
2 के विपरीत 5 होगा।
अतः दिये गये प्रश्न के शर्त के अनुसार
1 + 6 = 7, 4 + 3 = 7, 2 + 5 = 7 केवल विकल्प (b) संतुष्ट करता है।

**32. गणित करने की युक्ति के रूप में ''सवाल हल करना'' में शामिल है**

(a) अनुमान लगाना
(b) व्यापक
(c) हल पर पहुंचने के लिए संकेतों का प्रयोग
(d) क्रियाकलाप आधारित उपागम

**Ans: (d)** गणित करने की युक्ति के रूप में 'सवाल हल करना' क्रियाकलाप आधारित उपागम है।

**33. प्राथमिक कक्षाओं में आकार और स्थान (space) की समझ विकसित करने के लिए किए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों को क्रम से लगाइए :**

(a) 2-D आकारों की भुजाओं और शीर्षों का अवलोकन करते हुए उनकी विशेषताओं का मिलान करना
(b) 2-D आकारों की विशेषताओं का सहजबुद्धि से वर्णन करना
(c) 2-D आकारों को छाँटना
(d) विभिन्न 2-D आकारों की भुजाओं, शीर्षों और विकर्णों की गणना करते हुए उनका वर्णन करना

(a) c, a, d, b (b) d, b, a, c
(c) c, b, d, a (d) a, d, b, c

**Ans:** (a) प्राथमिक कक्षाओं में आकार और स्थान की समझ विकसित करने के लिए क्रम होगा -
सर्वप्रथम 2-D आकृति को छाँटना होगा तत्पश्चात् उनकी आकारों की भुजाओं और शीर्षों का अवलोकन करते हुये उनकी विशेषता का मिलान करना होगा।
उसके बाद 2-D आकारों की भुजाओं, शीर्षों और विकर्णों की गणना करते हुये वर्णन करना होगा फिर 2-D आकारों की विशेषताओं का सहजबुद्धि वर्णन करना।

**34. गणित में निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य है**

(a) सत्रांत परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र की योजना बनाना
(b) बच्चों की समझ में निहित रिक्तियों को जानना
(c) अभिभावकों को प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देना
(d) प्रगति पत्रक को भरना

**Ans: (b)** गणित में निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य है कि बच्चों ने जिस भी प्रकार से प्रश्नों को समझा है उसमें कोई पद भूल तो नहीं रहा है अर्थात बच्चों की समझ में निहित रिक्तियों को जानना।

**35. जब राजन के सामने शाब्दिक समस्याएँ आती हैं, तो वह प्रायः पूछता है ''मैं जमा करूँ या घटाना? ''मैं गुणा करूँ या भाग?'' इस तरह के प्रश्न बताते हैं कि**

(a) राजन जोड़ और गुणा नहीं कर सकता
(b) राजन कक्षा में बांधा डालने के लिए अवसर खोजता है
(c) राजन को भाषा समझने में कठिनाई होती है
(d) राजन संख्या-संक्रियाओं को नहीं समझता

**Ans:** (d) जब शाब्दिक प्रश्नों के आने पर शिक्षार्थी यह नहीं समझ पाता कि उसमें जोड़ करना है या घटाना, गुणा, भाग अर्थात शिक्षार्थी संख्या-सक्रियाओं को नहीं समझता।

**36. एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 8cm और 6cm है। इसका परिमाप बताइए।**

(a) 28 cm (b) 18 cm
(c) 20 cm (d) 24 cm

**Ans: (c)** समचतुर्भुज के विकर्ण = 8cm, 6cm

$$\text{भुजा} = \frac{1}{2}\sqrt{d_1^2 + d_2^2} = \frac{1}{2}\sqrt{8^2 + 6^2}$$

$$= \frac{1}{2}\sqrt{64+36} = \frac{1}{2}\times\sqrt{100} = \frac{1}{2}\times 10 = 5$$

भुजा = 5 सेमी., परिमाप = $4 \times$ भुजा
$= 4 \times 5 = 20$ सेमी.






https://teacherscare.in/

37. क्षेत्रफल की अवधारणा से परिचित कराने के लिए शिक्षक----से शुरुआत कर सकता है।
(a) भिन्न आकारों की आकृतियों का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए सूत्रों को स्पष्ट करना
(b) हथेली, पत्ते, पेंसिल, नोटबुक, आदि विभिन्न वस्तुओं की सहायता से किसी आकृति के क्षेत्रफल की तुलना करना
(c) आयत की लंबाई और चौड़ाई का पता लगाना और आयत के क्षेत्रफल के सूत्र (लंबाई × चौड़ाई) का प्रयोग करते हुए क्षेत्रफल ज्ञात करना
(d) इकाई वर्ग गणन की सहायता से आकृतियों का क्षेत्रफल ज्ञात करना

**Ans: (b)** क्षेत्रफल की अवधारणा से परिचित कराने के लिए शिक्षक को जो वस्तु दैनिक जीवन में सामान्यतः देखी जाती है वहां से शुरूआत करनी चाहिए।
जैसे- हथेली, पेंसिल, पत्ते, नोट बुक और विभिन्न वस्तुएँ

38. एन.सी.एफ (2005) मानता है कि गणित में 'सोचने एवं तर्क का एक निश्चित तरीका' निहित है।
नीचे दिए गए कथनों में से वह कथन चुनिए जो उपर्युक्त सिद्धांत का पालन नहीं करताः
(a) आंकिक प्रश्नों को हल करने के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित सूत्र बताना
(b) पाठ्य-पुस्तक में प्रस्तुत सामग्रियों के लिखने का तरीका
(c) कक्षा के लिए चुने गए क्रियाकलाप एवं अभ्यास
(d) उसे पढ़ाने की विधि

**Ans: (a)** किसी भी प्रश्न को हल करने के लिए सूत्र याद कर लेना सोचने एवं तर्क का एक निश्चित तरीका नहीं है।

39. एक शिक्षक कक्षा से  पर 1/8 निरूपित करने के लिए कहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा निरूपण गलत है?
(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**Ans: (c)** किसी भी वस्तु को $\frac{1}{8}$ में निरूपित करने के लिए वस्तु को 8 भागों में काटना आवश्यक है जोकि विकल्प (c) में नहीं किया गया है अतः विकल्प (c) गलत है।

40. 407928 को पढ़ा जाएगा
(a) चार लाख सात हजार नौ सौ अट्ठाईस
(b) चार लाख उनासी हजार अट्ठाईस
(c) सैंतालिस हजार नौ सौ अट्ठाईस
(d) चालीस हजार नौ सौ अट्ठाईस

**Ans : (a)** 407928 को चार लाख सात हजार नौ सौ अट्ठाईस पढ़ा जाएगा।

41. 'माप' की अवधारणा विकसित करने हेतु अपनाए गए निम्नलिखित कार्यों को क्रम से लगाइए :
(a) शिक्षार्थी लंबाई मापने के लिए मानक इकाइयों का प्रयोग करते हैं।
(b) शिक्षार्थी लंबाई मापने के लिए अमानक इकाइयों का प्रयोग करते हैं।
(c) शिक्षार्थी सरल अवलोकन द्वारा वस्तुओं को सत्यापित करते हैं।
(d) शिक्षार्थी मीटरी (मैट्रिक) इकाइयों के बीच के सम्बन्धों को समझते हैं।

(a) d, a, c, b (b) a, b, d, c
(c) b, a, c, d (d) c, b, a, d

**Ans: (d)** माप की अवधारणा विकसित करने हेतु अपनाये गये कार्य का क्रम निम्न होगा–
Step-1 शिक्षार्थी सरल अवलोकन द्वारा वस्तुओं को सत्यापित करते है।
Step-2 शिक्षार्थी लम्बाई मापने के लिए अमानक इकाईयों का प्रयोग करते है।
Step-3 शिक्षार्थी लम्बाई मापने के लिए मानक इकाईयों का प्रयोग करते है।
Step-4 शिक्षार्थी मीटरी (मैट्रिक) इकाइयों के बीच के संबंधों को समझते है।

42. यदि एक ऑपरेटर ⊕ को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया जाए
$4 \oplus 3 = 4 + 5 + 6$ $5 \oplus 4 = 5 + 6 + 7 + 8$
$6 \oplus 4 = 6 + 7 + 8 + 9$
तो $n \oplus 8$ का मान क्या होगा?
(a) n + 36 (b) n + 28
(c) 8n + 28 (d) 8n + 36

**Ans: (c)** दिये गये आपरेटर ⊕ द्वारा जो प्रदर्शित किया जा रहा है वह इस प्रकार कि ⊕ के पहले जो अंक दिया गया है बराबर (=) के दूसरी तरफ उसी अंक से शुरू करना है और जो आपरेटर ⊕ के बाद अंक लिखा है उसका अर्थ है कि बराबर के दूसरी तरफ उस संख्या के आगे उतनी क्रमागत संख्या लिखनी है।
तो $n \oplus 8 = n + (n + 1) + (n + 2) + (n + 3) + (n + 4) + (n + 5) + (n + 6) + (n + 7)$
$n \oplus 8 = 8n + 28$

43. ''बच्चे के पर्यावरण में जो वस्तुएँ लुढ़कती या फिसलती हैं, उन पर कक्षा में चर्चा शुरू करो। बच्चों को उनके आकार देखने में और यह समझने में कि कैसे कुछ वस्तुएँ लुढ़कती हैं और कुछ फिसलती हैं, सहायता करों।''
स्त्रोतः गणित के जादू II एन.सी.ई.आर.टी.


https://teacherscare.in/

एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा- II की पाठ्य-पुस्तक में इस तरह के सुझाव यह समझने में शिक्षक की सहायता करते हैं कि

(a) चर्चाएँ बहुविध परिप्रेक्ष्यों को कक्षा में स्थान देती हैं।
(b) चर्चा करना गणित की कक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ युक्ति है।
(c) आस-पास की चीज़ों के बारे में बच्चों का ध्यान आकर्षित करना शिक्षकों के लिए अनिवार्य है।
(d) निदर्शन में संपूरित चर्चाएँ विद्यार्थियों को संकल्पनाओं को बेहतर तरीके से समझने में सहायता करती हैं।

**Ans: (d)** जो वस्तुएं पर्यावरण में पायी जाती है और लुढ़कती या फिसलती है उन्हीं को N.C.E.R.T. ने जादू का शीर्षक देकर कक्षा -II की पाठ्य-पुस्तक में इस तरह के सुझाव यह समझाने में शिक्षक की सहायता करते है कि निदर्शन से संपूरित चर्चाएँ विद्यार्थियों को संकल्पनाओं को बेहतर तरीके से समझने में सहायता करती हैं।

**44. एक ''अच्छा'' गणितज्ञ होने के लिए......जरूरी है।**

(a) सवालों के उत्तर देने की तकनीक में निपुणता
(b) अधिकतर सूत्रों को याद करना
(c) बहुत जल्दी सवालों को हल करना
(d) सभी अवधारणाओं को समझना, लागू करना और उनमें सम्बन्ध बनाना।

**Ans: (d)** एक 'अच्छा' गणितज्ञ होने के लिए गणित के सभी अवधारणाओं को समझना, लागू करना और उनमें संबंध बनाना जरूरी है।

**45. कुछ आमों का भार 2 किलो 600 ग्राम है तथा कुछ सेबों का भार 1 किलो 450 ग्राम है। आमों का भार सेबों के भार से कितना अधिक है?**

(a) 150 ग्राम  (b) 4 किलो 50 ग्राम
(c) 1 किलो 150 ग्राम  (d) 1 किलो 200 ग्राम


**Ans: (c)** आम का भार = 2600 ग्राम
सेब का भार = 1450 ग्राम
अन्तर = 1150 ग्राम
1 किलोग्राम = 1000 ग्राम
1150 ग्रा. = 1 किलो 150 ग्राम


**46. एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा- IV की गणित की पाठ्य-पुस्तक के पाठों में इस तरह के शीर्षक हैं- ''कबाड़ीवाली' ''भोपाल की सैर'', दुनिया कुछ ऐसी दिखती है।'' यह परिवर्तन किया गया है**


(a) कबाड़ बेचने और यात्रा करने के बारे में जानने के लिए
(b) पाठों में गणितीय विषय-वस्तु का अनुमान लगाने हेतु विद्यार्थियों को चुनौती देने के लिए
(c) उन्हें अलग-सा समझाने के लिए
(d) दैनिक जीवन में जोड़ते हुए उन्हें रोचक बनाने के लिए


**Ans: (d)** पाठ्य पुस्तक को रोचक बनाने के लिए उसके पाठों के शीर्षक को दैनिक जीवन से जोड़ा गया है।


**47. ''इन दिनों दाम बढ़ने शुरू हो रहे हैं।'' निम्नलिखित में से कौन-सा ग्राफ इस स्थिति का निरूपण करता है?**

(a)



(b)



(c)



(d)



**Ans: (d)**


ग्राफ में समय के साथ कीमत बढ़ रही है।

**48. भिन्नों की तुलना पढ़ाते समय जिसमें अंश समान हैं, जैसे $\frac{3}{5}$ और $\frac{3}{7}$ रोहित की प्रतिक्रिया थी- ''चूंकि अंश समान हैं और 7, 5 से बड़ा है, अतः $\frac{3}{7}$, $\frac{3}{5}$ से बड़ा है।'' यह बताता है कि**

(a) रोहित ने अच्छी तरह अभ्यास नहीं किया है
(b) रोहित को भिन्नों के परिणाम की समझ नहीं है
(c) रोहित अंश और हर की अवधारणा नहीं जानता
(d) रोहित तुल्य भिन्नों की अवधारणा नहीं जानता

**Ans: (d)** रोहित ने जिस प्रकार से भिन्नों में बड़ा छोटा ज्ञात करता है वह तरीका गलत है जिससे यह पता चलता है कि रोहित तुल्य भिन्नों की अवधारणा नहीं जानता है।


**49. भिन्नों की अवधारणा से परिचित करने के लिए शिक्षक ...... से शुरुआत कर सकता है।**

(a) उनके आस-पास की वस्तुओं में भिन्न-भागों की पहचान करना
(b) विभिन्न भिन्नों में अंश और हर की पहचान करना
(c) संख्या रेखा पर भिन्न का पता लगाना
(d) $\frac{a}{b}$ के रूप में भिन्न लिखना जिसमें $b \neq 0$ है


https://teacherscare.in/

**Ans: (a)** भिन्न की अवधारणा से परिचित कराने के लिए शिक्षक को पर्यावरण में मौजूद वस्तुओं में भिन्न-भागों को पहचान कराने से शुरूआत करनी चाहिए।

**50. माचिस की तीलियों से बने निम्नलिखित पैटर्न की जाँच कीजिए:**



चरण I    चरण II    चरण III

**यदि पैटर्न निरन्तर जारी रहे, तो 15 वें चरण के लिए कितनी तीलियों को आवश्यकता होगी?**

(a) 62    (b) 105
(c) 65    (d) 61

**Ans: (a)** जिस प्रकार तीलियों के आकृति का पैटर्न दिया गया है उसके अनुसार 15 वे चरण में चार तीलियों की आकृति 14 होगी और 6 तीलियों की आकृति एक होगी।

$14 \times 4 + 6$
$56 + 6 = 62$

**51. एक आयत की लम्बाई 'L' और इसकी चौड़ाई, लम्बाई की आधी है। इस आयत का परिमाप क्या होगा यदि उसकी लम्बाई दुगुनी कर दी जाए एवं उसकी चौड़ाई को समान रखा जाए?**

(a) 3L    (b) 4L
(c) 5L    (d) 6L

**Ans: (c)** आयत की ल. = L

चौ. $= \frac{L}{2}$

आयत की नई ल. = 2L

परिमाप $= 2\left(2L + \frac{L}{2}\right)$

$= 4L + L = 5L$

**52. षड्भुजाकार पिरामिड के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?**


(a) इसके छः षड्भुजाकार फलक होते हैं जो छः आयताकार फलकों से जुड़े हुए होते हैं।
(b) इसके छः फलक हैं और प्रत्येक फलक षड्भुज होता है
(c) एक बिन्दु पर मिलते हुए छः त्रिभुजाकार फलक के साथ इसका षड्भुजाकार आधार होता है
(d) इसके दो षड्भुजाकार फलक होते हैं और छः आयताकार फलक होते हैं।

**Ans: (c)** षड् भुजाकर पिरामिड में एक बिन्दु पर मिलते हुये छः त्रिभुजाकार फलक के साथ इसका आधार षड्भुजाकार होता है।


**53. हिन्दू-अरबी संख्यांकन पद्धति में 4 अंक वाली कितनी संख्याएँ हैं?**


(a) 9000    (b) 99
(c) 8999    (d) 9999


**Ans: (a)** हिन्दू अरबी संख्या संख्यांकन पद्धति में 4 अंक की 9000 संख्याएं हैं।


**54.**  **एक 'इकाई' का $\frac{3}{4}$ है,**

**तो $1\frac{1}{2}$ क्या होगा?**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**Ans : (d)** एक 'इकाई' का $\frac{3}{4}$ है।

मान लीजिए इकाई = x

$\therefore$ x का $\frac{3}{4} = 2$ (चित्रों की संख्या में प्रयोग करने पर)

$\therefore x = \frac{2 \times 4}{3}$

$\therefore x = \frac{8}{3}$

$\therefore$ x का $1\frac{1}{2} = \frac{8}{3}$ का $1\frac{1}{2} = \frac{8}{3} \times \frac{3}{2} = 4$

अर्थात 4 चित्र

$\therefore$ विकल्प (d) सही है।

**55. संख्या 49532 का सन्निकट हजारवाँ मान होगा**

(a) 50000    (b) 49000
(c) 49500    (d) 41000

**Ans: (a)** 49532 का सन्निकट मान 50000 होगा क्योंकि इसके पास दूसरा सन्निकट मान 49000 है जो कि 49532 से काफी दूर है।

**56. निम्नलिखित में से कौन-सी महत्तम संख्या है?**

(a) $(2 + 2 + 2)^2$    (b) $(4)^2$
(c) $(2 \times 2 \times 2)^2$    (d) $[(2 \times 2)^2]^2$

**Ans: (d)** (a) $(2 + 2 + 2)^2 = 36$
(b) $(4)^2 = 16$
(c) $(2 \times 2 \times 2)^2 = 64$
(d) $[(2 \times 2)^2]^2 = [(4)^2]^2$
$= [16]^2$
$= 256$

अतः महत्तम संख्या $[(2 \times 2)^2]^2$ होगी।



https://teacherscare.in/

**57. निम्नलिखित तालिका को ध्यान से देखिएः**

| स्टेशन | | बस 1 | बस 2 | बस 3 |
|---|---|---|---|---|
| नई दिल्ली | निगमन | 19:15 | 12:30 | 16:45 |
| फरीदाबाद | आगमन | 20:22 | 13:25 | 16:10 |
| | निगमन | 20:37 | 13:35 | 19:22 |
| मथुरा | आगमन | 00:40 | 18:10 | 21:55 |

**इनमें से कौन-सी बस नई दिल्ली से मथुरा पहुंचने में सबसे कम समय लेती है?**

(a) बस 2 एवं बस 3 दोनों समान समय लेती हैं।
(b) बस 1
(c) बस 2
(d) बस 3

**Ans: (d)** बस 1 दिल्ली से मथुरा पहुँचने में लगा समय
= 5 घंटे 25 मिनट
बस 2 दिल्ली से मथुरा पहुँचने में लगा सामय
= 5 घंटे 40 मिनट
बस 3 दिल्ली से मथुरा पहुँचने में लगा समय
= 5 घंटे 10 मिनट
बस 3 से सबसे कम समय लगेगा।

**58. भिन्नों का योग पढ़ाते समय शिक्षक को नीचे दी हुई एक त्रुटि ज्ञात हुई :**

$$\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$$

**इस स्थिति में शिक्षक को उपचारात्मक कार्य के रूप में क्या करना चाहिए?**

(a) लघुत्तम समापवर्त्य (ल.स.) की अवधारणा को समझने में बच्ची की सहायता करें
(b) बच्ची से कहे कि वह अधिक-से-अधिक अभ्यास करें
(c) इसमें अधिक हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, क्योंकि बच्ची जैसे ही बड़ी होगी वह समझ जाएगी
(d) प्रत्येक भिन्न के परिमाण को समझने में बच्ची की सहायता करें

**Ans: (a)** $\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$ न होकर $\frac{5}{6}$ होगा इस स्थिति में शिक्षक को उपचारात्मक कार्य में लघुत्तम समापवर्त्य (ल.स.) की अवधारणा को समझने में बच्ची की सहायता करनी चाहिए।

**59. विकास 56 विद्यार्थियों की कक्षा को गणित पढ़ाता है। उसका यह विश्वास है कि यदि परीक्षा के तुरंत बाद प्रतिपुष्टि (फीडबैक) दी जाए तो वह प्रभावी होती है। वह 10 बच्चों की एक छोटी कक्षा परीक्षा का आयोजन करता है। प्रभावी तरीके से प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने का सबसे अच्छा तरीका कौन-सा है?**

(a) वह यादृच्छिक रूप से किसी भी एक कॉपी का चयन करें और बोर्ड की सहायता से उस कॉपी में उत्तर प्राप्त करने की विधि पर चर्चा करें।
(b) वह विद्यार्थियों को एक-दूसरे के उत्तरों की जाँच करने दे।
(c) वह प्रत्येक सवाल के हल को बोर्ड पर समझाए और विद्यार्थियों से कहे कि वे स्वयं अपने उत्तरों को जाँचें।
(d) वह पूरी कक्षा के लिए चर्चा का आयोजन कर सकता है कि वे किन तरीकों से अपने उत्तरों पर पहुँचे और सही उत्तर पर पहुँचने की प्रभावी युक्ति कौन सी है।

**Ans: (d)** वह पूरी कक्षा के लिए चर्चा का आयोजन कर सकता है कि वे किन तरीकों से अपने उत्तरों पर पहुँचे और सही उत्तर पर पहुँचने की प्रभावी युक्ति कौन सी है

**60. एक शिक्षक 'आकार' पढ़ाने के लिए ऐतिहासिक स्थानों के भ्रमण की योजना बना सकता है, क्योंकि**

(a) आकार किसी भी वास्तुकला का एक अभिन्न हिस्सा होते हैं और इस तरह के भ्रमण सभी विषयों के आपसी सम्बन्धों को बढ़ावा देते हैं
(b) उसने समय रहते अधिकांश पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और उसे अवकाश उपलब्ध कराने की आवश्यकता है
(c) यह गणित की रोजाना की कक्षा के लिए एक अच्छा अवकाश होगा और साथ ही संप्रेषणपरक कौशलों में सुधार के लिए एक बेहतर अवसर होगा
(d) क्षेत्र-भ्रमण सी.बी.एस.ई. द्वारा अनुशंसित किए गए हैं, इसलिए ये अति आवश्यक हैं।

**Ans : (a)** आकार पढ़ाने के लिए ऐतिहासिक स्थानों के भ्रमण की योजना बनाने का यह तात्पर्य है कि आकार किसी भी वस्तु कला का एक अभिन्न हिस्सा होते हैं और इस तरह के भ्रमण सभी विषयों के आपसी संबंधों को बढ़ावा देते हैं।

# भाग-3 : पर्यावरण अध्ययन
# (Environmental Studies)

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**61. दत्त कार्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) दत्त कार्य अभिभावकों, भाइयों या बहनों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार किया जा सकता है
(b) प्रतिदिन विविधता और अभ्यास कराने के लिए कक्षा-कार्य और फिर-गृह कार्य के रूप में दत्त कार्य देने की आवश्यकता है
(c) दत्त कार्य आकलन का एकमात्र तरीका है
(d) दत्त कार्य बच्चों को सूचना खोजने, अपने विचारों का निर्माण करने और उन्हें उच्चारित करने का अवसर प्रदान करता है



https://teacherscare.in/

**Ans: (d)** दत्त कार्य बच्चों को सूचना खोजने, अपने विचारों का निर्माण और उन्हें उच्चारित करने का अवसर प्रदान करता है।

**62. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में सरल प्रयोग और निदर्शन किए जा सकते हैं**
(a) कक्षा में अनुशासन को सुनिश्चित करने हेतु बच्चों को नियंत्रित करने के लिए
(b) बच्चों को स्वयं सीखने के योग्य बनाने और अवलोकन कौशलों को पैना करने के लिए
(c) उच्च कक्षाओं में क्या किया जाता है उसका अनुकरण करने के लिए
(d) बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर आधारित विचारों पर चर्चा करने, अवलोकनों को दर्ज करने तथा उनका विश्लेषण करने के लिए

**Ans: (b)** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में सरल प्रयोग और निदर्शन कि बच्चों को स्वयं सीखने के योग्य बनाने और अवलोकन कौशलों को पैना करने के लिए किए जा सकते हैं, अगर किसी भी ज्ञान को बच्चे खुद अपने परिश्रम से, अपनी बुद्धि से तथा अपनी क्षमता से अर्जित करते है तो वह उस ज्ञान को पूर्ण रूप से समझने में सक्षम होते हैं। अतः इससे बच्चे में स्वयं सीखने की प्रबलता बढ़ती है।


**63. दुर्गा एक गाँव में रहती है और लकड़ी या गोबर के उपले का ईंधन इस्तेमाल करते हुए चूल्हे पर खाना पकाती है। पिछले तीन महीनों से उसे तेज़ खाँसी आ रही है। इसका कारण हो सकता है**
(a) उसकी झोपड़ी के अंदर और बाहर प्रदूषण तथा वृद्धावस्था
(b) ईंधन के जलने से उत्पादित कार्बन मोनोक्साइड जा उसके श्वसन नली में जमा हो गई होगी
(c) जलते हुए ईंधन से उत्पादित काला धुआँ जो उसके श्वसन नली में जमा हो गया होगा
(d) जलते हुए ईंधन के धुएँ से उसे एलर्जी हो गई होगी

**Ans: (b)** लकड़ी और गोबर तथा अन्य किसी भी प्रकार के जीवाश्म ईधन को प्रयोग करने या जलने से उसमें कार्बन मोनोक्साइड निकलती है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अगर यह लगातार प्रयोग किया जाये तो यह हमारी श्वसन नली में जम जाता है जिससे अनेक बीमारियाँ होने का खतरा बढ़ जाता है अतः दुर्गा को भी निरन्तर ईधन का प्रयोग का खतरा बढ़ जाता है अतः दुर्गा को भी निरन्तर ईंधन का प्रयोग करने की बजह से उसकी श्वसन नली में भी काला धुँआ (कार्बन मोनोआक्साइड) जम गया होगा।

**64. एक विद्यालय ने राजस्थान के लिए कक्षा-V के बच्चों के शैक्षिक भ्रमण की योजना बनाई। भ्रमण के दौरान बच्चों से आपकी क्या अपेक्षाएँ रहेंगी?**
(a) चीजों के बारे में बिना कोई प्रश्न पूछे सभी का अवलोकन करना चाहिए
(b) उन्हें आनंद उठाना चाहिए
(c) उन्हें ध्यान से अवलोकन करना चाहिए, टिप्पणियाँ दर्ज करनी चाहिए और बाकी बच्चों तथा शिक्षक के साथ अपने अवलोकनों को बाँटना चाहिए
(d) यदि उनके कोई प्रश्न हों तो उन्हें दर्ज कर लेना चाहिए और घर पहुँचने के बाद अभिभावकों से उन्हें पूछना चाहिए

**Ans: (c)** किसी विद्यालय ने राजस्थान के लिए कक्षा- 5 के बच्चों के शैक्षिक भ्रमण की योजना बनाई है तो भ्रमण के दौरान बच्चों से निम्न अपेक्षाएँ रहेगी- वह पूरे ध्यान से अवलोकन करें तथा सम्बंधित स्थानों के बारे में जानें और प्रश्न करें अन्य शिक्षकों और बच्चे के साथ उस विषय पर चर्चा करें क्योंकि राजस्थान एक ऐतिहासिक स्थल है।

**65. रानी अपने घर का कूड़ा नीचे दर्शाए तरीके से दो ढेरियों में अलग करती है :**




**रानी ने दो ढेरियों में कूड़ा निम्न आधार पर अलग किया**
(a) दुर्गंध है/दुर्गंध रहित है
(b) अपघटित होने वाले/अपघटित नहीं होने वाले
(c) पुनः चक्रण किया जा सकता है/पुनः चक्रण नहीं किया जा सकता
(d) घरेलू कचरा है/औद्योगिक कचरा है

**Ans: (b)** रानी अपने घर का कूडा दो ढेरियों में इसलिए अलग-अलग करती है जिससे वह अपघटित होनें वाले कूड़े को पहले वाली ढेरी तथा अपघटित न होने वाले कूड़े को दूसरे ढ़ेरी में अलग-अलग कर सके क्योंकि केले का छिलका, सब्जियों के छिलके, सूखी पत्तियाँ, अपघटित हो सकता है लेकिन जैम की बोतल, सॉस का बोतल आदि अपघटित नहीं होगे।

**66. दोपहर के भोजन अवकाश के बाद पर्यावरण अध्ययन पढ़ाते समय आप यह पाते हैं कि बच्चे पाठ में रुचि नहीं ले रहे हैं। आप क्या करेंगे?**
(a) बच्चों से कहेंगे कि वे डेस्क पर सिर रखकर आराम करें
(b) पाठ को रोचक बनाने के लिए बहु-आयामी बुद्धि पर आधारित दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग करेंगे
(c) प्रकरण को तुरंत बदल देंगे
(d) बच्चों को बाहर मैदान में खेलने के लिए ले जाएँगे

**Ans: (b)** दोपहर के भोजन अवकाश के बाद अगर शिक्षार्थी पर्यावरण अध्ययन में रूचि नहीं लेते है तो पाठ को रोचक बनाने के लिए शिक्षक को पाठ से सम्बंधित पाठ को रोचक बनाने के लिए बहु-आयामी बुद्धि पर आधारित दृश्य श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग करना चाहिए।

**67. पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में, आप बच्चों को चिड़ियाघर ले जाने की योजना बनाते हैं। आप बच्चों को निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि करने की अनुमति नहीं देंगे?**
(a) चिड़ियाघर के विभिन्न जानवर कौन-सा भोजन खाते हैं यह पता लगाना
(b) चिड़ियाघर में जिन जानवरों को वे देखेंगे उनकी फोटो एकत्रित करना



https://teacherscare.in/

(c) चिड़ियाघर में उन्होंने जो देखा उसका चित्र बनाने के लिए उनकी ड्राइंग की कॉपी को साथ ले जाना
(d) चिड़ियाघर के जानवरों के लिए बहुत सारी खाने की सामग्री ले जाना

**Ans: (d)** अगर शिक्षक बच्चों को चिड़ियाघर ले जाने की योजना बनाते है, तो वह बच्चो को चिड़ियाघर के अन्दर बहुत सी खाने की सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं देगे।

**68. बीज अंकुरण की अवधारणा को इस तरह सबसे बेहतर तरीके से पढ़ाया जा सकता है**
(a) अंकुरित बीजों की फोटो दिखाना
(b) कक्षा में अंकुरित बीजों को दिखाना और अंकुरण की प्रक्रिया को स्पष्ट करना
(c) बोर्ड पर चित्र बनाते अंकुरण के चरणों को प्रदर्शित करना
(d) बीज बोने, अंकुरण के विभिन्न चरणों का अवलोकन करने और उनका चित्र बनाने की गतिविधि को बच्चों को निष्पादित करने लिए कहना

**Ans: (d)** 'बीज अंकुरण' की अवधारणा को बीज बोने, अंकुरण के विभिन्न चरणों का अवलोकन करने और उनका चित्र बनाने की गतिविधियों को बच्चो में निष्पादित करके बेहतर तरीके से पढ़ाया जा सकता है।

**69. मीरा और दिव्या छोटी लड़कियाँ हैं। मीरा समोसे, कटलेट और डबलरोटी खाना पसंद करती है, जबकि दिव्या ऐसा भोजन पसंद करती है जिसमें लौह तत्व की कमी है। मीरा और दिव्या को निम्नलिखित बीमारियों में से क्रमशः कौन-सी बीमारी होगी?**
(a) स्कर्वी और एनीमिया (b) एनीमिया और रतौंधी
(c) मोटापा और एनीमिया (d) मोटापा और स्कर्वी

**Ans: (c)** मीरा के समोसे, चाकलेट और डबलरोटी, कटलेट आदि के खाने से उसका मोटापा बढ़ेगा और दिव्या के आयरन के कमी वाली चीजें लौह तत्व की कमी वाली चीजें खाना पसन्द करती है तो उसके अन्दर हीमोग्लोबिन की कमी हो जाएगी और उसे एनीमिया हो सकता है।

**70. नींबू साधारण पानी में डूब जाता है लेकिन नमकीन पानी में तैरता रहता है, क्योंकि**
(a) नींबू का घनत्व नमकीन पानी में कम हो जाता है
(b) नमकीन पानी का घनत्व साधारण पानी के घनत्व से अधिक होता है
(c) साधारण पानी का घनत्व नमकीन पानी के घनत्व से अधिक होता है
(d) नींबू का घनत्व नमकीन पानी में अधिक हो जाता है

**Ans: (b)** नींबू साधारण पानी में डूब जाता है लेकिन नमकीन पानी में तैरता रहता है क्योंकि नमकीन पानी का घनत्व साधारण पानी के घनत्व से अधिक होता है।

**71. पके हुए चावल रेफ्रिजरेटर में अपेक्षाकृत लंबे समय तक परिरक्षित किए जा सकते हैं, क्योंकि**
(a) रेफ्रिजरेटर में कुछ ऐसे रसायन होते हैं जो रोगाणुओं को नष्ट कर देते है।
(b) कम तापमान पर रोगाणु निष्क्रिय हो जाते हैं
(c) रोगाणु कम तापमान पर नष्ट हो जाते हैं
(d) कम तापमान पर भोजन का नमी तत्व घट जाता है

**Ans: (b)** पके हुए चावल रेफ्रिजरेटर में बाहर रखे रहने की अपेक्षाकृत अधिक समय तक ठीक बने रहते है क्योंकि इसका कारण है कि कम तापमान पर चावल को खराब करने वाले रोगाणु निष्क्रिय हो जाते हैं।

**72. रक्त की जाँच द्वारा किसकी उपस्थिति से मलेरिया की पहचान होती है?**
(a) लाल रक्त कोशिकाओं में मलेरिया परजीवी (प्लाज्मोडियम)
(b) रक्त में क्षतिग्रस्त यकृत कोशिकाएँ
(c) रक्त में मच्छर के लार्वे
(d) लाल रक्त कोशिकाओं में मच्छर के अंडे

**Ans: (a)** रक्त की जाँच करते समय अगर लाल रूधिर कणिकाओं में मलेरिया परिजीवी (प्लाज्मोडियम) पाया जाता है तो मलेरिया होता है।

**73. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए कविताओं और कहानी कथन का प्रयोग करना**
(a) उचित दिशा में बच्चों की ऊर्जा को संकेन्द्रित करता है
(b) पाठ को आनंददायक और रोचक बनाने में मदद करता है
(c) स्थानीय एवं विश्व स्तर पर संसार की प्रकृति को खोजने और कल्पना करने की योग्यता का विकास करने में मदद करता है
(d) बच्चों में विद्यमान भाषिक एवं सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखता है

**Ans: (c)** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए कविताओं और कहानियो का प्रयोग स्थानीय एवं विश्व स्तर पर संसार की प्रकृति को खोजने और कल्पना करने की योग्यता का विकास करने में मदद करता है।

**74. किसके नेतृत्व में 'चिपको आंदोलन' को बल मिला?**
(a) सुंदर लाल बहुगुणा (b) अमृता देवी विश्नोई
(c) मेधा पाटकर (d) ए.के. बनर्जी

**Ans: (a)** चिपको आन्दोलन एक पर्यावरण रक्षा का आन्दोलन है। यह भारत के उत्तराखण्ड राज्य में किसानों ने वृक्षों की कटाई का विरोध करने के लिए किया था इस आन्दोलन में स्त्रियाँ भारी संख्या में थी। इस आन्दोलन में सुन्दर लाल बहुगुणा को बल मिला।

**75. विटामिन ऐसे पदार्थ हैं जो**
(a) हमारी उपापचय दर बढ़ा कर भार में कमी लाते हैं
(b) स्वस्थ रहने के लिए दवाई के रूप में लिए जाते हैं
(c) पेशियों का विकास करके हमें ताकतवर बनाते हैं
(d) हीनताजन्य रोगों से बचाव के लिए थोड़ी मात्रा में आवश्यक हैं

**Ans: (d)** विटामिन सत्व भोजन के अवयव हैं जिनकी सभी तत्वों में अल्प मात्रा में आवश्यकता होती है ये रासायनिक रूप से कार्बनिक यौगिक होते हैं तथा ये ऐसे पदार्थ हैं जो हीनताजन्य रोगों से बचाव के लिए थोड़ी मात्रा में आवश्यक हैं।


https://teacherscare.in/

**76. ग्रामीण क्षेत्रों में, गाय के गोबर से झोंपड़ी की दीवारों और फर्श को लीपा जाता है उन्हें**
(a) कीटों को दूर रखने के लिए
(b) चिकना और साफ बनाने के लिए
(c) खुरदरा बनाकर घर्षण बढ़ाने के लिए
(d) फर्श को प्राकृतिक रंग देने के लिए

**Ans: (a)** ग्रामीण क्षेत्र में गाय के गोबर से झोपड़ी की फर्श और दीवारों को इसलिए लीपा जाता है ताकि दीवारों को कीटों से बचाया जा सके।

**77. एक किसान दानों को भूसे से अलग करना चाहता है। जिस प्रक्रिया से यह किया जा सकता है वह कहलाती है**
(a) हस्त चयन
(b) थ्रेशिंग
(c) निष्पावन
(d) फसल की कटाई

**Ans: (b)** किसान दानों को भूसे से थ्रेशिंग प्रक्रिया के द्वारा अलग कर सकता है ये मुख्यतः गेहूँ को अलग करने में उपयोग की जाती है।

**78. पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में पहेलियाँ शामिल करने का निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य नहीं है?**
(a) सृजनात्मक चिंतन की योग्यता और उत्सुकता का विकास करना
(b) बच्चों में आलोचनात्मक चिंतन शक्ति विकसित करना
(c) बच्चों में तर्कणा शक्ति का विकास करना
(d) बच्चों के मस्तिष्क को भ्रमित करना और उन्हें इस भ्रम का आनंद उठाने देना

**Ans: (d)** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य पुस्तक में पहेलियाँ इसलिए दी जाती हैं ताकि विद्यार्थी ने जो पाठ पढ़ा है बाद में उस पाठ का पहेलियों के द्वारा अवलोकन कर सके। इसलिए नहीं होता कि वह विद्यार्थी भ्मित हो जाये।

**79. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में बच्चों के व्यक्तिगत अनुभवों को महत्व देना शिक्षक को लाभ पहुँचाता है**
(a) उसकी ऊर्जा बचाने में क्योंकि बच्चे बातचीत करना पसन्द करते हैं
(b) बच्चों के विशिष्ट अनुभवों को जानने में
(c) बच्चों की भाषा और संप्रेषण कुशलताओं को सुधारने और परिमार्जित करने में
(d) विमर्श को बच्चों के अनुभव-संसार से जोड़ने और विमर्श व सीखने को बढ़ावा देने में

**Ans: (d)** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में बच्चों के व्यक्तिगत अनुभवों को महत्व देकर शिक्षक बच्चों के अनुभव को संसार से जोड़ने और विमर्श व सीखने को बढ़ावा देने में लाभ पहुँचाता है।

**80. बच्चों को विभिन्न प्रकार के ईंधनों से परिचित कराने के लिए शिक्षक**
(a) एक लघु फिल्म दिखाने के साथ खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले संभावित ईंधन के प्रकारों पर बच्चों के साथ चर्चा कर सकता है
(b) चार्ट पर ईंधनों के चित्र प्रदर्शित कर सकता है
(c) बच्चों से विभिन्न प्रकार के ईंधनों की सूची बनाने के लिए कह सकता है
(d) कक्षा में कुछ ईंधनों के नमूने दिखा सकता है

**Ans: (a)** बच्चों को विभिन्न प्रकार के ईंधनों से परिचित कराने के लिए शिक्षक विभिन्न ईंधनों के चित्र दिखाये तथा उपयोग करना बताये और एक लघु फिल्म दिखाये।

**81. मानचित्र पढ़ने के लिए आवश्यक कौशल में शामिल है**
(a) स्थान, दूरी और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने की योग्यता
(b) ड्राइंग और पेंटिंग में विलक्षण कुशलता
(c) ग्लोब पर स्थिति दर्शाने के लिए स्केच और गणनाओं का उपयोग करने की योग्यता
(d) अभिव्यक्तात्मक योग्यताओं को बाहर निकालने के लिए विलक्षण संप्रेषण कौशल

**Ans: (a)** मानचित्र को पढ़ने के लिए सामान्यतः विद्यार्थी में दिशा, स्थान तथा दूरी का ज्ञान होना अनिवार्य है।

**82. यह देखा गया है कि पाचन क्रिया बाहर की अपेक्षा आमाशय के अंदर अधिक तेजी से होती है, क्योंकि**
(a) आमाशय के अंदर भोजन का मंथन होता रहता है जिससे उनकी सतह का क्षेत्रफल बढ़ जाता है और एन्ज़ाइमों की क्रिया तेज हो जाती है
(b) पाचक रस आमाशय के अंदर अम्लीय होते हैं, जबकि बाहर वे क्षारीय होते हैं।
(c) आमाशय के अंदर भोजन की उपस्थिति में पाचक रस का उत्पादन बहुत ज्यादा होता है
(d) पाचक रस जब आमाशय के बाहर रखते हैं तो निष्क्रिय हो जाते हैं

**Ans: (a)** पाचन क्रिया बाहर के अपेक्षा आमाशय के अन्दर कशेस्की, एकाइनोडर्मेटा वंशीय जंतु, कीट (आद्यमध्यांत्) और मोलस्क सहित फैला हुआ भाग है जो पाचन नली का प्रमुख अंग हैं अतः अमाशय के अन्दर भोजन का मथंन होता रहता है जिससे उसकी सतह का क्षेत्रफल बढ़ जाता है और एंजाइम की क्रिया तेज हो जाती है।

**83. पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में रेलवे टिकट का एक नमूना दिखाना**
(a) बच्चों को वास्तविक जानकारी से अंतःक्रिया करने का अवसर देता है, साथ ही अवलोकन की कुशलता का विकास करता है
(b) बच्चों को रेल के किराये के बारे में बताता है
(c) टिकट में प्रयुक्त विभिन्न संक्षिप्ताक्षरों का ज्ञान उपलब्ध कराता है
(d) निष्कर्ष पर पहुँचने की बच्चों की कुशल ता का विकास करता है

**Ans: (a)** पर्यावरण अध्ययन की पुस्तक में एक रेलवे टिकट का नमूना दिखाने का तात्पर्य है कि बच्चों को वास्तविक जानकारी से अंतःक्रिया करने का अवसर देना साथ ही अवलोकन की कुशलता का विकास करना है।


https://teacherscare.in/

**84. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का उद्देश्य नहीं है?**
(a) जीवन और पर्यावरण से सरोकार रखने वाले मूल्यों को आत्मसात करना
(b) प्राकृतिक व सामाजिक वातावरण के बारे में उत्सुकता जगाना
(c) बच्चों को खोजने की क्रियाओं में लगाना तथा व्यावहारिक क्रियाएँ करवाना जो संज्ञानात्मक और मनश्चालक कौशलों के विकास में सहायक होती है
(d) बच्चों पर आकलन के लिए शब्दावली और परिभाषाओं का बोझ डालना

**Ans: (d)** बच्चों पर आकलन के लिए शब्दावली और परिभाषाओं का बोझ डालना प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का उद्देश्य नहीं है।

**85. भैंस की पीठ पर अक्सर बगुला (इग्रेट) पक्षी बैठा दिखाई देता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बगुला**
(a) घास में पाए जाने वाले कीट खाता है
(b) भैंस की पीठ पर बैठकर गाना पसंद करता है
(c) उड़ने के बाद थोड़ा आराम करता है
(d) भैंस की पीठ पर परजीवी कीट खाता है

**Ans: (d)** बगुला (इग्रेट) एक परजीवी है इसलिए वह भैंस की पीठ पर लगे कीड़ों को अपना भोजन बनाता है इसलिए वह भैंस की पीठ पर बैठता है।

**86. निम्नलिखित में से कौन सा प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का उद्देश्य निरूपित है?**
(a) विद्यालय में बच्चों के अनुभवों को बाहरी दुनिया से जोड़ना
(b) बच्चों को तकनीकी शब्दावली और परिभाषाओं से परिचित कराना
(c) पर्यावरण अध्ययन से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों का आकलन
(d) अपने ज्ञान का विस्तार करने के लिए बच्चों को सूचना देना कि उन्हें कौन-सी पुस्तकें पढ़नी चाहिए

**Ans: (a)** प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण अध्ययन का उद्देश्य बच्चों को बाहरी दुनिया से जोड़ना तथा बाहरी दुनिया के सामाजिक ज्ञान का जोड़ना है।

**87. क्वथन (उबलना) और वाष्पीकरण में अंतर है**
(a) क्वथन में द्रव से वाष्प में परिवर्तन देखा जा सकता है जबकि वाष्पीकरण देखा नहीं जा सकता
(b) क्वथन से जल की अवस्था बदल जाती है जबकि वाष्पीकरण में नहीं
(c) वाष्पीकरण किसी भी तापमान पर हो सकता है जबकि क्वथन नहीं
(d) क्वथन से द्रव का आयतन कम हो जाता है जबकि वाष्पीकरण में नहीं

**Ans: (c)** वाष्पीकरण किसी भी तापमान पर हो सकता है परन्तु क्वथन केवल $100^0C$ पर ही हो सकता है।

**88. एक पुरुष जिसका रक्त 'O' है एक 'A' रक्त समूह वाली स्त्री से शादी करता है। उसके पहले बच्चे के रक्त समूह 'O' होने को संभावना है**
(a) 75% (b) 50%
(c) 100% (d) 25%

**Ans: (b)** 'O' एवं 'A' समूह के शादी के बाद उसके पहले बच्चे में दोनों में से किसी का भी रक्त समूह 50%-50% होने की संभावना है।

**89. टूटता तारा (उल्का) है**
(a) एक समान गति से चलने वाला तारा
(b) एक चमकता पिंड जो वायुमंडल में एक समान गति से चलता है
(c) एक तारा जिसके एक सिरे पर पूँछ होती है
(d) उल्काभ जो पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही आग पकड़ लेता है

**Ans: (d)** टूटता तारा एक प्रकार का पिण्ड होता है जो बहुत तेज गति से वायुमण्डल में प्रवेश करता है और वायु में घर्षण बल लगने के कारण आग पकड़ लेता है।

**90. प्राथमिक स्तर पर, आकलन में शामिल होना चाहिए**
(a) छोटे बच्चों को उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण की श्रेणी के अंतर्गत आँकने के लिए प्रत्येक सप्ताह गृह-कार्य और कक्षा-कार्य
(b) शिक्षक द्वारा सतत और असंरचनात्मक तरीके से किए गए अवलोकन को बच्चों और अभिभावकों के साथ बाँटना
(c) प्रत्येक सप्ताह औपचारिक परीक्षाएँ और खेल तथा उन्हें प्रगति पत्र में दर्ज करना
(d) अर्ध-वार्षिक और वर्ष के अन्त में वार्षिक परीक्षाएँ

**Ans: (b)** शिक्षक द्वारा सतत और असंरचनात्मक तरीके से किये गये अवलोकन को बच्चों और अभिभावकों के साथ बांटना।

# भाग-4 : हिन्दी (वैकल्पिक)

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**91. उपचारात्मक शिक्षण की सफलता निर्भर करती है -**
(a) भाषिक नियमों के ज्ञान पर
(b) समय व अवधि पर
(c) समस्याओं के कारणों की सही पहचान पर
(d) उपचारात्मक शिक्षण की सामग्री पर

**Ans: (c)** उपचारात्मक शिक्षण की सफलता समस्याओं के कारणों की सही पहचान पर ही निर्भर करती है।

**92. भाषा-शिक्षण में पाठ्य-पुस्तक -**
(a) एकमात्र संसाधन है (b) साध्य है
(c) साधन है (d) अनावश्यक है

**Ans: (c)** भाषा शिक्षण के अंतर्गत पाठ्य पुस्तक एक साधन होता है।


https://teacherscare.in/

93. **हिन्दी की कक्षा में प्रायः हिन्दीतर-भाषी बच्चे हिन्दी सीखने में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं, क्योंकि -**

(a) वे मन लगाकर हिन्दी नहीं सीखते।
(b) हिन्दी सीखने के प्रति उनमें अरुचि होती है
(c) हिन्दी बहुत कठिन भाषा है।
(d) प्रायः हिन्दी और उनकी मातृभाषा की संरचना में अंतर होता है।

**Ans: (d)** प्रायः हिन्दी और उनकी मातृभाषा की संरचना में काफी अंतर होने के कारण ही हिन्दीत्तर भाषी बच्चे हिन्दी सीखने में कठिनाइयों का सामना करते हैं।

94. **कहानी सुनाने से -**

(a) बच्चे प्रसन्न होते हैं।
(b) बच्चे कक्षा में एकाग्रचित होकर शांत बैठते हैं।
(c) बच्चे अनुशासित रहते हैं।
(d) बच्चों की कल्पना-शक्ति व चिंतन-शक्ति का विकास होता है।

**Ans: (d)** कहानी सुनाने से बच्चों की कल्पना शक्ति एवं चिंतन शक्ति का विकास होता है। कहानी सुनते समय बच्चे उस परिधि में सोचना शुरू करते हैं। इससे उनकी बुद्धि तीक्ष्ण होती है।

95. **बच्चों के 'लेखन' कौशल का मूल्यांकन करने के लिए कौन-सी विधि बेहतर हो सकती है?**

(a) अपने अनुभवों को लिखना
(b) श्रुतलेख
(c) पाठाधारित प्रश्नों के उत्तर लिखना
(d) सुन्दर लेख का अभ्यास

**Ans: (a)** बच्चों के लेखन कौशल का मूल्यांकन करने के लिए अपने अनुभवों को लिखना बेहतर होता है।

96. **'बोलना' कौशल में महत्वपूर्ण है**

(a) संदर्भ एवं स्थिति के अनुसार अपनी बात कह सकना।
(b) स्पष्ट एवं शुद्ध उच्चारण
(c) आलंकारिक भाषा का प्रयोग
(d) मधुर वाणी

**Ans: (a)** सन्दर्भ एवं स्थिति के अनुसार अपनी बात कह सकना ''बोलना'' कौशल की महत्वपूर्ण विशेषता है।

97. **एक भाषा-शिक्षक के रूप में सबसे बड़ी चुनौती है**

(a) बच्चों को भाषा सीखने के महत्व से परिचित कराना।
(b) बच्चों की भाषा को संचार साधनों के प्रभाव से मुक्त रखना।
(c) भाषा-संसाधनों का अभाव है।
(d) बहुभाषिक कक्षा के शिक्षण के लिए उचित रणनीतियाँ तय करना।

**Ans: (d)** एक भाषा शिक्षक के रूप में सबसे बड़ी चुनौती बहुभाषिक कक्षा में शिक्षण के लिए उचित रणनीतियाँ तय करना है।

98. **एक समावेशी कक्षा में कौन-सा कथन भाषा-शिक्षण के सिद्धांतों के प्रतिकूल है?**

(a) बच्चे परिवेश से प्राप्त भाषा को ग्रहण करते हुए भाषा-प्रयोग में नियम बना सकते हैं।
(b) भाषा परिवेश में रहकर अर्जित की जाती है।
(c) प्रिंट-समृद्ध माहौल भाषा सीखने में सहायक होता है।
(d) व्याकरण के नियम सिखाने से बच्चों का भाषा-विकास शीघ्रता से होगा।

**Ans: (d)** ''एक समावेशी कक्षा में व्याकरण के नियम सिखाने से बच्चों का भाषा विकास शीघ्रता से होगा''। यह कथन भाषा सिद्धान्तों के प्रतिकूल है।

99. **एक बहु-सांस्कृतिक कक्षा में आप एक भाषा-शिक्षक के रूप में किस बात को अधिक महत्व देंगे?**

(a) पाठ्य-पुस्तक के प्रत्येक पाठ को भली-भाँति समझाना
(b) बच्चों को व्याकरण सिखाना
(c) स्वयं शुद्ध भाषा-प्रयोग
(d) बच्चों को भाषा-प्रयोग के अधिक से अधिक अवसर देना

**Ans: (d)** एक बहुसांस्कृतिक कक्षा में एक भाषा शिक्षक के रूप में बच्चों को भाषा प्रयोग के अधिक से अधिक अवसर देना चाहिए।

100. **प्राथमिक स्तर पर कौन-सा भाषा-शिक्षण का उद्देश्य नहीं हैं?**

(a) स्पष्टतया एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहना
(b) वर्णमाला को क्रम से कंठस्थ करना
(c) ध्वनी-संकेत चिह्न का सम्बन्ध बनाना
(d) विभिन्न संदर्भों में भाषा का प्रभावी प्रयोग करना

**Ans: (b)** प्राथमिक स्तर पर वर्णमाला के क्रम से कंठस्थ करना भाषा शिक्षण का उद्देश्य नहीं है, जबकि स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहना, ध्वनि संकेत चिन्ह का सम्बन्ध बनाना एवं विभिन्न संदर्भों में भाषा का प्रभावी प्रयोग करना शिक्षण के उद्देश्य के अंतर्गत आता है।

101. **गृहकार्य के बारे में कौन-सा कथन उचित है?**

(a) गृहकार्य अभिभावकों को व्यस्त रखने का उत्तम साधन है
(b) बच्चों की क्षमताओं, स्तर के अनुसार गृहकार्य दिया जाना चाहिए
(c) गृहकार्य कक्षा में किए गए कार्य का अभ्यास-मात्र है
(d) गृहकार्य देना अति-आवश्यक है

**Ans: (b)** गृहकार्य बच्चों की क्षमताओं, स्तर के अनुसार ही दिया जाना उचित है। अन्यथा बच्चों की क्षमता दबाव के कारण प्रभावित होती है।

102. **भाषा के अभिव्यक्तात्मक कौशल हैं -**

(a) सुनना, बोलना (b) बोलना, लिखना
(c) पढ़ना, लिखना (d) सुनना, पढ़ना

**Ans: (b)** भाषा का अभिव्यक्त कौशल बोलना, लिखना है।

103. **प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) बच्चे समृद्ध भाषा-परिवेश में सहज और स्वतः रूप से भाषा में परिमार्जन कर लेंगे
(b) बच्चे भाषा की जटिल और समृद्ध संरचनाओं के साथ विद्यालय आते हैं



https://teacherscare.in/

(c) बच्चों की भाषा-संकल्पनाओं और विद्यालय में प्रचलित भाषा परिवेश में विरोधाभास ही भाषा सीखने में सहायक होता है
(d) सुधार के नाम पर की जाने वाली टिप्पणियों व निरर्थक अभ्यास से बच्चों में अरुचि उत्पन्न हो सकती है

**Ans: (c)** प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा शिक्षा के संदर्भ में बच्चों की भाषा संकल्पनाओं और विद्यालय में प्रचलित भाषा परिवेश में विरोधाभास ही भाषा सीखने में सहायक होता है।

**104. भाषा-कौशलों के संदर्भ में कौन-सा कथन उचित है?**
(a) विद्यालय में केवल 'पढ़ना', 'लिखना' कौशलों पर ही बल देना चाहिए
(b) बच्चे केवल सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना कौशल क्रम से ही सीखते हैं
(c) भाषा के चारों कौशल परस्पर अंतः सम्बन्धित हैं
(d) भाषा-कौशलों के विकास में अभ्यास की अपेक्षा भाषिक नियमों का ज्ञान जरूरी हैं

**Ans: (c)** दिये गये चारों विकल्पों में भाषा के चारों कौशल सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना परस्पर अंतःसम्बन्धित हैं।

**105. पाठ में दिए गए चित्रों का क्या उद्देश्य होता है?**
(a) चित्रों से पाठ्य-पुस्तक आकर्षक बनती है
(b) चित्र पाठ की शोभा बढ़ाते हैं
(c) पाठ्य-पुस्तक में चित्र देने का प्रचलन है
(d) चित्र अमूर्त संकल्पनाओं को समझने में सहायता करते हैं।

**Ans: (d)** पाठ में दिए गए चित्रों का उद्देश्य है पाठ को समझने में चित्र अमूर्त संकल्पनाओं को समझने में सहायता करते हैं।

**निर्देश : (प्रश्न 106-111): कविता की पंक्तियाँ पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प चुनिएः**

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे,
गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ।
अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा,
अरुण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से सिहरकर मुड़ते रहे तुम।
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ।

**--------सोहनलाल द्विवेदी**

**106. गहरी नींद में सोने का अर्थ है -**
(a) मृत्यु को प्राप्त होना
(b) परिश्रमी होना
(c) बेखबर होना
(d) चिंतायुक्त होना

**Ans: (c)** गहरी नींद में सोने का अर्थ है – बेखबर होना।

**107. कवि लोगों को कहाँ नहीं जाने देगा?**
(a) पाताल में
(b) अतल गहराई में
(c) जहाँ सूर्य अस्त होता है
(d) पतन की राह पर

**Ans: (d)** कवि मानव में अपनी कविता के माध्यम से जीवन्तता पैदा करता है। वह किसी को भी पतन की राह पर नहीं जाने देता।

**108. कवि किस तरह के व्यक्तियों को संबोधित कर रहा है?**
(a) जो अत्यधिक प्रेरित है
(b) जो बहुत पश्रिमी है
(c) जो जीवन की कठोर वास्तविकताओं से बेख़बर हैं
(d) जो आकाश की ऊँचाइयों को छूना चाहते हैं

**Ans: (c)** प्रस्तुत कविता में कवि ऐसे व्यक्तियों को सम्बोधित कर रहा है जो जीवन की कठोर वास्तविकताओं से बेखबर हैं।

**109. कवि लोगों को क्यों जगाना चाहता है?**
(a) ताकि लोग गीत सुन सकें
(b) ताकि मनुष्यों में गतिशीलता आ सके और वे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें
(c) सुबह हो गई है
(d) यह कवि का दायित्व

**Ans: (b)** प्रस्तुत कविता के माध्यम से कवि लोगों में जागृति पैदा करना चाहता है ताकि मनुष्यों में गतिशीलता आ सके और वे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें।

**110. 'अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?**
(a) श्लेष अलंकार
(b) उपमा अलंकार
(c) रूपक अलंकार
(d) अनुप्रास अलंकार

**Ans: (d)** "अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा।"
इस पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है।

**111. कविता का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है**
(a) हर्ष
(b) कोलाहल
(c) आकाश
(d) जागृति

**Ans: (d)** कविता का उपर्युक्त शीर्षक 'जागृति' हो सकता है।

**निर्देशः (प्रश्न 112-120) : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

मनु बहन ने पूरे दिन की डायरी लिखी, लेकिन एक जगह लिख दिया, "सफाई वगैरह की।"

गाँधीजी प्रतिदिन डायरी पढ़कर उस पर अपने हस्ताक्षर करते थे। आज की डायरी पर हस्ताक्षर करते हुए गाँधीजी ने लिखा है, "कातने की गति का हिसाब लिखा जाए। मन में आए हुए विचार लिखे जाएँ। जो-जो पढ़ा हो, उसकी टिप्पणी लिखी जाए। वगैरह का उपयोग नहीं चाहिए। डायरी में 'वगैरह' शब्द के लिए कोई स्थान नहीं है।"

जिसने जो पढ़ा हो, वह लिखा जाए। ऐसा करने से पढ़ा हुआ कितना पच गया है, यह मालूम हो जाएगा। जो बातें हुई हों वे लिखी जाएँ। मनु ने अपनी गलती का अहसास किया और डायरी विधा की पवित्रता को समझा।

गाँधीजी ने पुनः मनु से कहा-"डायरी लिखना आसान कार्य नहीं है। यह इबादत करने जैसी विधा है। हमें शुद्ध व सच्चे रूप से प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना को निष्पक्ष रूप से लिखना चाहिए चाहे कोई बात हमारे विरुद्ध ही क्यों न हो। इससे हममें सच्चाई स्वीकार करने की शक्ति प्राप्त होगी।"

**(गाँधीजी के रोचक संस्मरण)**


https://teacherscare.in/

**112. मनु को अपनी किस गलती का अहसास हुआ?**

(a) उन्होंने गाँधीजी की बात नहीं मानी थी
(b) मनु ने डायरी में कातने की गति का हिसाब लिखा था
(c) उन्होंने डायरी में सही-सही बातें लिखी थीं
(d) उन्होंने डायरी में 'वगैरह' शब्द का प्रयोग किया था।

**Ans: (d)** मनु को अपनी गलती का अहसास तब हुआ जब उसने अपनी डायरी में ''वगैरह'' शब्द का प्रयोग किया था।

**113. गाँधीजी ने – 'वगैरह' शब्द पर अपनी आपत्ति क्यों जताई?**

(a) 'वगैरह' शब्द की जगह आदि शब्द का प्रयोग सही है
(b) गाँधीजी चाहते थे कि सही भाषा का प्रयोग हो
(c) 'वगैरह' शब्द में कार्य और विचार की स्पष्टता नहीं है
(d) वे चाहते थे कि बातो को ज्यों-का-त्यों लिखा जाए

**Ans: (c)** गाँधीजी ने ''वगैरह'' शब्द पर अपनी आपत्ति इसलिए जताई क्योंकि 'वगैरह' शब्द में कार्य और विचार की स्पष्टता नहीं है।

**114. गाँधीजी ने डायरी लिखने को इबादत करने जैसा क्यों कहा है?**

(a) दोनों में समय लगता है
(b) दोनों कार्य हमारे कर्तव्यों में शामिल हैं
(c) दोनों कार्य रोज़ किए जाते हैं
(d) दोनों में सच्चाई और ईमानदारी चाहिए

**Ans: (d)** गाँधीजी ने डायरी लिखना इबादत करने जैसा बताया है। उनका कहना है कि डायरी लेखन से व्यक्ति अपनी छोटी से छोटी कमियों को स्पष्ट करता है तथा पश्चाताप करता है। इससे हमें सच्चाई स्वीकार करने की शक्ति की प्राप्ति होती है।

**115. डायरी लिखना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि -**

(a) इसमें व्यक्ति स्वयं का विश्लेषण करता है और स्व-मूल्यांकन भी करता है
(b) इससे व्यक्ति पूरे दिन किए गए जमा-खर्च का हिसाब-किताब कर सकता है
(c) गाँधीजी इसे महत्वपूर्ण मानते हैं
(d) इससे व्यक्ति का समय अच्छा गुज़र जाता है।

**Ans: (a)** – डायरी लेखन व्यक्ति के लिए सर्वथा महत्वपूर्ण होता है, इससे व्यक्ति स्वयं का मूल्यांकन करता है और कमियों का विश्लेषण करता है। साथ ही साथ सुधारात्मक उपाय भी करता है। यही डायरी की पवित्रता है।

**116. गाँधीजी प्रतिदिन डायरी पढ़कर क्या करते थे?**

(a) हस्ताक्षर करते थे क्योंकि यह नियम था
(b) लोगों को उनकी गलती का अहसास कराते थे
(c) डायरी पर हस्ताक्षर करते थे और यह देखते थे कि व्यक्ति अपने कार्य और विचार में किस दिशा में जा रहा है
(d) हस्ताक्षर करते थे ताकि जाँच का प्रमाण दिया जा सके

**Ans: (c)** गाँधीजी प्रतिदिन डायरी पढ़कर उस पर हस्ताक्षर करते थे। वे यह देखते थे कि व्यक्ति अपने कार्य एवं विचार में किस दिशा की तरफ प्रवृत्त हो रहा है।

**117. 'प्रतिदिन' शब्द में कौन सा समास है?**

(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) द्विगु समास (d) तत्पुरुष समास

**Ans: (b)** प्रतिदिन में अव्ययी भाव समास है। जिस समास का पहला पद (पूर्व पद) अव्यय तथा प्रधान हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। जैसे प्रतिदिन में पूर्व पद प्रति और उत्तर पद दिन है। यहाँ पर अव्ययीभाव समास है।

**118. 'पढ़ा हुआ कितना पच गया है' का अर्थ है**

(a) कितना सही उच्चारण के साथ पढ़ा है
(b) पढ़े हुए का कितना विश्लेषण किया है
(c) पढ़ा हुआ कितना समझ में आया है
(d) पढ़ा हुआ कितना आत्मसात् किया है

**Ans: (d)** पढ़ा हुआ कितना पच गया है, का आशय है – पढ़ा हुआ कितना आत्मसात हो गया है अर्थात् कितना ग्राह्य हो गया है।

**119. 'कार्य' शब्द का तद्भव रूप बताइए।**

(a) सेवा (b) कारज
(c) काज (d) काम

**Ans: (c)** कार्य शब्द का तद्भव रूप काज होगा।

**120. 'विचार' में इक प्रत्यय लगाकर शब्द बनेगा**

(a) वैचारीक (b) विचारिक
(c) विचौरिक (d) वैचारिक

**Ans: (d)** विचार में 'इक' प्रत्यय लगाकर बनने वाला शब्द वैचारिक होगा। इसी प्रकार 'इक' प्रत्यय वाले अन्य शब्द हैं – प्रशासन + इक = प्रशासनिक, प्रकृति + इक = प्राकृतिक। चमत्कार + इक = चमत्कारिक।

## भाग-5 : ENGLISH (वैकल्पिक)

**Directions (121-126) : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option.**

This was one of the Old Man's pet schemes; and one about which he would brook no interference. Each child would review the events of his school week in his own words, in his own way; he was free to comment, to criticize, to agree or disagree, with any person, subject or method, as long as it was in-some way associated with the school. No one and nothing was sacred, from the headmaster down. and the child, moreover, was safe from any form of reprisal.

"Look at it this way," Mr. Florian had said. "It is of advantage to both pupil and teacher. If a child wants to write about something which matters to him, he will take some pains to set it down as carefully and with as much detail as possible, that must in some way improve his written English in terms of spelling, construction and style. Week by week we are able, through his reviews, to follow and observe his progress in such things. As for the



https://teacherscare.in/

teachers, we soon get a pretty good idea what the children think of us and whether or not we are getting close to them. It may sometimes be rather deflating to discover that a well-prepared lesson did not really excite Johnny Smith's interest, but, after all, the lesson was intended to benefit Johnny Smith, not his teacher.

**121. The scheme, according to the Old Man, was useful because :**
(a) it was excellent feedback for the teacher, principal and school
(b) he was slightly eccentric
(c) it was meant to humiliate the teacher
(d) it was meant to give power to the teacher

**Ans : (a)** The Old Man's scheme was useful because it was excellent feedback for the teacher, principal and school. Given in lines 10-12 in para (b). Hence option (a) is correct.

**122. 'Pet schemes' in line I refers to :**
(a) a student he is fond of
(b) a formula he had discovered
(c) a pet animal
(d) a method he has advocated

**Ans : (d)** 'Pet schemes' refers to a method the old man advocated. Hence option (d) is correct.

**123. The 'Old Man' refers to :**
(a) a parent of the school
(b) a student of the school
(c) a teacher of the school
(d) the headmaster called Mr. Florian

**Ans : (d)** The 'Old Man' refers to the headmaster called Mr. Florian as is given in para B. Hence option (d) is correct.

**124. The advantages of the scheme were many. Pick out the disadvantage from the list given below.**
(a) Sometimes deflating to the teacher's ego
(b) Diagnostic and remedial for the student and teacher
(c) Effective feedback
(d) Enhanced writing skills

**Ans : (a)** The main disadvantage of the feedback scheme was that sometimes it might be deflating to the teacher's ego to learn from students that they did not like his taught lesson. Hence option (a) is correct.

**125. 'Sacred' in the context of the Headmaster means :**
(a) that even 'he' was not above the 'scheme' he advocated for students
(b) he believed in the sacred nature of all life
(c) that he was a holy man
(d) that he was the powerful head of the school

**Ans : (a)** 'Sacred' in Headmaster's context implies that even he was not above the 'scheme'. Hence option (a) is correct.

**126. 'Brook' as a verb means 'to tolerate' in para 1, As a noun, it means :**
(a) Tolerance (b) Allow
(c) Suffer (d) Stream

**Ans : (d)** 'Brook' as a noun means a stream. Hence option (d) is correct.

**Directions (127-135) : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option.**

1. Karuna Verma is bewildered. "I don't know how she did it," she says about her mother, Renu Chopra. Karuna's childhood memories are of her father leaving late for office so that, by then, her mother would be-back from work. Of her parents working in sync to make sure the kids were well taken care of. Of her mother handling kitchen and classroom with ease.

2. When her own daughter was born, Karuna too wanted to do the balancing act. But it did not turn out to be as easy as it seemed. For starters, her parent's era was different from hers. As she was living with her husband in Andheri, Mumbai, away from their families, resuming work would have meant leaving her daughter with a maid while she was away. Her daughter's formative years would be spent with an outsider, a thought that did not appeal to Karuna. She quit her teaching job in a school.

3. For a woman who was encouraged to be independent, throughout her life, the decision to quit and stay at home was a difficult one. Ironically it was her mother who urged her to quit the job and become a full-time mother. For Karuna, being a housewife is one of the tougher jobs she has had. "I have no time for myself," says Karuna. "I make sure all my personal work is done when Avni is asleep. Earlier I had a set routine. My husband and I used to wake up at 6 a.m. I would re-heat the food the maid had cooked the day before and pack it for lunch. Then we used to head off to work, and at night, we would go out. I had a lot of time to myself and for my husband then," says Karuna.

4. The routine is quite different now. Karuna has taken to cooking. She wakes up quite early and makes sure all her work is done before the baby is up. The rest of the day flies by, pandering to two-year-old Avni's needs. Source: The Week, March 13, 2011 (Adapted)

**127. Karuna Verma is bewildered at :**
(a) the responsibility of bringing up a daughter in a big city
(b) her mother's ability to combine her career with household work
(c) the amount of work that she has to do after becoming a mother
(d) the late hours of work that her father followed


https://teacherscare.in/

**Ans : (b)** Karuna is bewildered at her mother's ability to combine her career with her household work. Working in sync to take proper care of children as is given in para 1. Hence option (b) is correct.

**128. ' … parents working in sync' means :**

(a) father earning and mother taking care of children
(b) parents having staged office hours and sharing household work
(c) parents pooling their resources together to take care of expenses
(d) husband and wife sinking their differences to preserve domestic harmony

**Ans : (b)** 'Parents working in sync' means – parents having adjusted their office hours and sharing household work to take care of their children. Hence option (b) is correct.

**129. 'Karuna too wanted to do the balancing act.' In this sentence, the term 'balancing act' implies :**

(a) managing the time efficiently so that parents can spend quality time with their children
(b) making adjustments in order to balance work and leisure properly
(c) sharing of responsibilities by both husband and wife
(d) a mother's ability to look after her child without quitting her job

**Ans : (d)** 'Balancing act' here implies a mother's ability to look after her child without quitting her job. Hence option (d) is correct.

**130. 'As she was living with her husband in Andheri, Mumbai, away from their families ………. . In this sentence 'their families' refers to :**

(a) Families of friends in Andheri, Mumbai
(b) Karuna's parents and in-laws
(c) Karuna's mother and father's families
(d) Karuna's husband's family

**Ans : (b)** 'Their families' here implies Karuna's parents and in-laws. Hence option (b) is correct.

**131. Karuna's parents and her husband's parents probably lived :**

(a) in Mumbai but not in Andheri
(b) with Karuna and her husband
(c) in Andheri, Mumbai
(d) in some other city

**Ans : (d)** Karuna's parents and in-laws perhaps lived in some other city. Hence option (d) is correct.

**132. Karuna decided to quit her job because :**

(a) she wanted to have more time, to herself and for her husband
(b) she wanted to pay more attention to her cooking
(c) she was not interested in her teaching job
(d) she did not want her daughter to spend her early years with a maid

**Ans : (d)** Karuna decided to quit her job because she did not want her daughter to spend her early years with a maid, as is seen in lines 7-9 in para 8. Hence option (d) is correct.

**133. It was ironical that Karuna's mother should advise her to quit her job and stay at home because** :

(a) Karuna's parents had always advised her that home was much more important than career
(b) Karuna's mother herself had not quit her job to take care of children as she encouraged independence of women
(c) Karuna herself was keen on quitting her job
(d) Karuna's parents had insisted that household chores should shared between husband and wife

**Ans : (b)** Karuna's mother's advice to her to stay at home was ironical because the herself hadn't quit her job and had managed office and home well. Hence option (b) is correct.

**134. After Karuna quit her job :**

(a) she sent her maid away as she left that the maid was a bad influence on Avni
(b) she had no time for herself as Avni needed all her attention and care
(c) she had a lot of time to herself and for her husband
(d) she occupied herself with cooking to spend her time usefully

**Ans : (b)** After quitting her job Karuna had no time for herself as she devoted all her time in her daughter Avni's care. (Para D). Hence option (b) is correct.

**135. "I have no time for myself." says Karuna. This sentence can be written in reported speech as :**

(a) Karuna said that she had no time for herself
(b) Karuna says that she had no time for herself
(c) Karuna says that she have no time for herself
(d) Karuna said that she had no time for myself

**Ans : (a)** In reported (3rd person) speech the statement could be rewritten as – 'Karuna said that she had no time for herself.' Hence option (a) is correct.



https://teacherscare.in/

**Directions (136-150) : Answer the following questions by selecting the most appropriate option.**

**136. Remedial teaching as part of Formative Assesment means :**

(a) diagnosing and addressing gaps in learning
(b) teaching beyond the textbooks
(c) extra coaching by parents
(d) teaching for gifted students

**Ans : (a)** Remedial Teaching as part of formative assessment means diagnosing and addressing gaps in learning. Hence option (a) is correct.

**137. Which of the following is a value associated with an inclusive classroom ?**

(a) Competition (b) Envy
(c) Sympathy (d) Collaboration

**Ans : (d)** Value associated with an inclusive classroom is collaboration. Hence option (d) is correct.

**138. The aim of mechanical drills is to :**

(a) strengthen the role learning capacity of the learners
(b) encourage creative use of language among the learners
(c) improve the fluency of the learners
(d) improve the accuracy of the learners

**Ans : (b)** Aim of mechanical drills is to encourage creative use of language among the learners. Hence option (b) is correct.

**139. Learners are involved in individual activities pair work, group work and whole-class work because these :**

(a) provide the learners opportunities to relax in a classroom
(b) have the sole aim of introducing variety in a language clasroom
(c) enable the already over-worked teacher to preserve her energy thereby becoming more effective
(d) afford the learners opportunities to use the language in a focused manner for real-life interaction

**Ans : (d)** Various individual pair & group activities afford the learners opportunities to use the language in a focused manner for real-life interactions in future. Hence option (d) is correct.

**140. Which of the following statements is true ?**

(a) All formative tasks are meant for assessment
(b) Formative assessment, to be effective, must be conducted only after teaching a lesson
(c) While all formative tasks are meant for improving teaching-learning, some are used for assessment too.
(d) Formative assessment helps us to grade students into good, average and poor

**Ans : (c)** While all formative tasks are meant for improving teaching-learning, some are used for assessment too, is the correct statement. Hence option (c) is correct.

**141. When young learners seem to lose interest in a lesson, the teacher should :**

(a) tell a story or conduct an interesting activity
(b) ask them to sit quietly for some time
(c) allow them to go out and play
(d) ask them to sleep for a while

**Ans : (a)** When young learners seem to lose interest in a lesson the teacher should tell a story or conduct an interesting activity to regain their interest. Hence option (a) is correct.

**142. The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 had included 'all round development of the child' as one of the aims of education because :**

(a) it-nurtures the physical, mental and emotional aspects of the child
(b) it ensures that every child is a part of a workforce
(c) every child grows rapidly between six to fourteen years
(d) proper health care is essential

**Ans : (a)** The all round development of the child is included in the Right to Education Act, 2009 as an aim because it nurtures the physical, mental and emotional aspects of the child. Hence option (a) is correct.

**143. Teachers do not give the meaning of new words to learners directly because :**

(a) learners do not like to be given the meaning of words
(b) it prevents learners from discovering the meaning through puzzling out using clues
(c) learners already know the meaning of the words
(d) vocabulary will not be enriched

**Ans : (b)** The meaning of new words is not given to students directly to encourage them to discover the meaning through puzzles using clues. Hence option (b) is correct.



https://teacherscare.in/

**144. Which of the following is an instance of non-formal learning ?**

(a) Children learning to cook from their parents
(b) Children learning a new game from friends
(c) Children learning through correspondence lessons
(d) Children learning to draw from their art teacher

**Ans : (c)** Children learning through correspondence is an instance of non-formal teaching. Hence option (c) is correct.

**145. Group project work helps in developing :**

(a) a high level of ambition to achieve
(b) collaboration, critical thinking and problem solving
(c) competition among learners to excel in academics
(d) good memory in the young learners

**Ans : (b)** Group projects helps in developing collaboration, critical thinking and problem solving. Hence option (b) is correct.

**146. What type of questions promote thinking skills in children ?**

(a) Factual questions
(b) Questions based purely on the reading text
(c) Personal response questions
(d) Closed-ended questions

**Ans : (c)** Personal response questions promote thinking skills in children. Hence option (c) is correct.

**147. 'Students need to brainstorm ideas, organise them, draft, edit and revise their work,' is a 'process' which reflects :**

(a) Listening skills (b) Speaking skills
(c) Reading skills (d) Writing skills

**Ans : (d)** The process of brainstorming ideas, organising them drafting, editing and revising reflect writing skills. Hence option (d) is correct.

**148. Teachers help learners 'construct' their knowledge in English by :**

(a) giving the learners a lot of assignments and projects that will lead to much practice
(b) correcting every mistake a learner makes and giving the relevant rule of grammar as immediate feedback
(c) giving extensive language drills in which learners practice language items mechanically
(d) enabling them to see the relationship between their prior knowledge and the new knowledge

**Ans : (d)** Teachers help learners construct their knowledge in English by enabling them to see the relationship between their prior knowledge and the new knowledge. Hence option (d) is correct.

**149. Reading for comprehension can be best achieved through :**

(a) Teaching learners to run a finger or pencil under the line being read
(b) Asking the children to read the text aloud
(c) Helping learners speak words softly while reading
(d) Learners reading silently and asking comprehension questions

**Ans : (d)** Reading for comprehension can be best achieved through learners reading silently and asking comprehension questions. Hence option (d) is correct.

**150. A textbook describes a domestic scene which shows the father cooking in the kitchen, the mother coming home from work and their son sewing. What is the concept conveyed?**

(a) Division of labour amoung sexes
(b) Work is worship
(c) Removing gender bias
(d) Dignity of labour

**Ans : (c)** The concept conveyed in the domestic scene is removing gender bias. Hence option (c) is correct.

**अथवा**

# भाग-5 : संस्कृत (वैकल्पिक)

**निर्देश : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदनन्तरं प्रदत्तप्रश्नानां (प्रश्नसङ्ख्या (121-130) विकल्पोत्तरेषु समुचितम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

अस्ति वाराणस्यां कर्पूरपटको नाम रजकः। स च एकदा अभिनववयस्कया वध्वा सह चिरं केलिं कृत्वा निर्भरमालिङ्ग्य प्रसुप्तः। तदनन्तरं तद्गृहद्रव्याणि हर्तुं चोरः प्रविष्टः। तस्य प्राङ्गणे गर्दभो बद्धस्तिष्ठति कुक्कुरश्च उपविष्टः अस्ति। अथ गर्दभः श्वानमाह- सखे, भवतस्तावदयं व्यापारः। तत् किमिति। त्वम् उच्चैः शब्दं कृत्वा स्वामिनं न जागरयसि? कुक्कुरो ब्रूते-भद्र मम नियोगस्य चर्चा त्वया न कर्तव्या। त्वमेव किं न जानासि यथा तस्य अहर्निशं गृहरक्षां करोमि। यतोऽयं चिरान्निवृत्तो ममोपयोगं न जानाति। तेनाधुनापि मम आहारदाने मन्दादरः। यतो विना विधुरदर्शनं स्वामिन उपजीविषु मन्दादरा भवन्ति। गर्दभो ब्रूते शृणु रे बर्बर। याचते कार्यकाले यः स किं भृत्यः स किं सुहृत्? कुक्कुरो ब्रूते – शृणु तावत्।

भृत्यान्संभाषयेद्यस्तु कार्यकाले स किं प्रभुः
यतः:- आश्रितानां भृतौ स्वामिसेवायां धर्मसेवने।
पुत्रस्योत्पादने चैव न सन्ति प्रतिहस्तकाः।।

ततो गर्दभः सकोपमाह – अरे दुष्टमते! पापीयांस्त्वं यद्विपत्तौ स्वामिकार्योपेक्षां करोषि। भवतु तावत्। यथा स्वामी जागरिष्यति तन्मया कर्तव्यम्। यतः

पृष्ठतः सेवयेदर्कं जठरेण हुताशनम्।
स्वामिनं सर्वभावेन परलोकममायया।।



https://teacherscare.in/

इत्युक्त्वा उच्चैः चीत्कारशब्दं कृतवान्। ततः रजकः तेन चीत्कारेण प्रबुद्धो निद्राभङ्गकोपात् उत्थाय गर्दभं लगुडेन ताडयामास। अतोऽहं ब्रवीमि-

पराधिकारचर्चां यः कुर्यात् स्वामिहितेच्छया।
स विषीदति चीत्कारात् गर्दभः ताडितो यथा।।

**121.अस्यां कथायां कयोर्मध्ये सम्भाषणं प्रवृत्तम्?**

(a) चोर-रजकयोः (b) रजक-कुक्कुरयोः
(c) गर्दभ-कुक्कुरयोः (d) वधू-रजकयोः

**Ans : (c)** इस कथा का सम्भाषण गर्दभ एवं कुत्ते के मध्य हुआ। यह सम्भाषण कर्पूरपटको नाम के राजकथा धोबी के प्राङ्गण में सम्पन्न हुआ।

**122.किमर्थं श्वा चोरं दृष्ट्वापि न उच्चैः भषति?**

(a) असहायत्वात् (b) अनादृतत्वात्
(c) अशक्तत्वात् (d) दुष्टत्वात्

**Ans : (b)** कुत्ता चोर को देखकर जोर से या तेज आवाज में इसलिए नहीं बोला क्योंकि इससे धोबी (रजक) की नींद टूट जाती।

**123.रजकस्य नाम–**

(a) विष्णुशर्मा (b) स्वामी
(c) कर्पूरपटकः (d) नारायणः

**Ans : (c)** रजक (धोबी) का नाम कर्पूरपटक था। कर्पूरपटक नामक रजक वाराणसी का रहने वाला अर्थात् निवासी था।

**124.गर्दभेन केनोपायेन रजकः कोपितः**

(a) गर्दभत्वेन (b) सम्भाषणेन
(c) चीत्कारेण (d) चोरागमनेन

**Ans : (c)** गर्दभ (गधा) के चीत्कार के कारण धोबी क्रोधित हुआ। उस समय रजक सो रहा था। उसके घर में चोर आया था अतः इसके चीत्कार (ऊँची आवाज) के कारण रजक क्रोधित हुआ।

**125.रजकः कस्मात् प्रबुद्धः?**

(a) कुक्कुरशब्दात् (b) चोरागमनात्
(c) सूर्योदयात् (d) गर्दभचीत्कारात्

**Ans : (d)** धोबी (रजक) गधे की चीत्कार (बहुत तेज आवाज) के कारण जग गया। रजक सो रहा था तब उसने गधे की तेज-तेज आवाज को सुना तो उसकी निद्रा भङ्ग हो गयी और वह उठ गया।

**126.अस्य कथायाः नीतिः**

(a) स्वामिनं न सेवयेत् (b) पराधिकारः चर्चां न कुर्यात्
(c) चीत्कारं न कुर्यात् (d) मित्रकार्यं न कुर्यात्

**Ans : (b)** इस कथा से यह शिक्षा मिलती है कि दूसरे के अधिकार क्षेत्र के विषय में परस्पर वार्तालाप (चर्चा – परिचर्चा) नहीं करनी चाहिए। केवल अपने अधिकार क्षेत्र तक सीमित रहना चाहिए। अर्थात् दूसरे के कार्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

**127.'श्वा' इत्यस्य पर्यायपदम्–**

(a) गर्दभः (b) कुक्कुरः
(c) रजकः (d) चोरः

**Ans : (b)** श्वा का पर्याय कुक्कुरः से है। जबकि गर्दभ गदहा का, रजक धोबी और चोरः चोर का पर्याय है।

**128.'आदरः' इत्यस्य विरुद्धशब्दः–**

(a) अनादरः (b) कोपः
(c) सम्मानः (d) दुष्टता

**Ans : (a)** 'आदर' शब्द का विलोम अथवा विरुद्ध अनादर होता है। क्रोध का विलोम शान्त होता है। सम्मान का विरुद्ध शब्द अपमान होता है। दुष्टता का विरुद्ध शब्द सज्जनता होता है।

**129.'ब्रवीमि' इति**

(a) मध्यमपुरुषबहुवचनम् (b) प्रथमपुरुषैकवचनम्
(c) उत्तमपुरुषैकवचनम् (d) उत्तमपुरुषबहुवचनम्

**Ans : (c)** 'ब्रवीमि' उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है। 'ब्रू' धातु लट लकार का रूप इस प्रकार है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र.पु. | ब्रवीति | ब्रूतः | ब्रुवन्ति |
| म.पु. | ब्रवीषि | ब्रूथः | ब्रूथ |
| उ.पु. | ब्रवीमि | ब्रूवः | ब्रूमः |

**130.उपविष्टःइति**

(a) कर्मणि कृदन्तः (b) कर्तरि कृदन्तः
(c) वर्तमान कृदन्तः (d) विध्यर्थकः कृदन्तः

**Ans : (b)** उपविष्ट यह कर्तरि कृदन्त है। धातु में जिस प्रत्यय को जोड़कर संज्ञा, विशेषण अथवा अव्यय बनता है, उसको कृत् प्रत्यय कहते है और इसके द्वारा जो शब्द सिद्ध होता है उसे कृदन्त (जिसके अन्त में कृत् हो) कहते हैं। कृदन्त अथवा कृत् प्रत्यय के मुख्यतः तीन भेद हैं–कृत्य, कृत् और उणादि।

**निर्देश : अधोलिखितं श्लोकं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां (प्रश्नसंङ्ख्या 131-135) विकल्पात्मकोत्तरेषु समुचितम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

शब्दायन्ते मधुरमनिलैः कीचकाः पूर्यमाणाः
संसक्ताभिस्त्रिपुरविजयो गीयते किन्नरीभिः।
निर्ह्रादस्ते मुरज इव चेत् कन्दरेषु ध्वनिः स्यात्
सङ्गीतार्थो ननु पशुपतेस्तत्र भावी समग्रः।।

**131.कीचकाः किं कुर्वन्ति?**

(a) भीमेन युध्यन्ते (b) मधुरं शब्दम् उत्पादयन्ति
(c) द्रौपदीं हिंसन्ति (d) अनिलं पूरयन्ति



https://teacherscare.in/

**Ans : (b)** कीचक ने मधुर शब्दों का गुंजन शुरू किया। जिससे वातावरण सुरम्य हो गया। यहाँ पर कीचक पद का अर्थ बाँस होता है।

**132. किन्नर्यः किं गायन्ति?**

(a) मधुरगीतम्  (b) कीचकवधम्
(c) त्रिपुरविजयम्  (d) पशुपतिनिन्दाम्

**Ans : (c)** जहाँ पर कीचको ने मधुर गान ध्वनित किये वहीं किन्नरों ने 'त्रिपुर विजय' का गान किये।

**133. पशुपतेः सङ्गीतार्थः कदा समग्रो भवति?**

(a) यदा मुरजो वाद्यते
(b) यदा गणाः नृत्यन्ति
(c) यदा मेघस्य ध्वनिः स्यात्
(d) यदा नारदो वीणां वादयति

**Ans : (a)** पशुपति (भगवान शङ्कर) के सङ्गीत अथवा स्तुति के लिए जब मृदङ्ग (मुरज) की आवाज निकलती है (अथवा जब मृदङ्ग बजता है) तब उसमें यदि मेघ की ध्वनि सुनाई पड़ती है तब पशुपति के सङ्गीत की सम्पूर्णता सम्पन्न होती है।

**134. इदं पद्यं कस्मिन् वृत्ते निबद्धम्?**

(a) भुजङ्गप्रयातवृत्ते  (b) वसन्ततिलकावृत्ते
(c) मन्दाक्रान्तावृत्ते  (d) अनुष्टुप्वृत्ते

**Ans : (c)** इस पद्य में मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग हुआ है। मेघदूतम कालिदास की अमूल्य कृति है जिसमें केवल मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग हुआ है जिसका लक्षण इस प्रकार है–मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौ न तौ ताद् गुरु चेत्। यह 17 अक्षर वाला समवृत्त है। इसके प्रत्येक पाद में मगण, भगण, नगण, तगण तगण और दो गुरु अक्षर होते हैं। चौथे, दसवें एवं अन्त में विराम होता है।

**135. अस्य पद्यस्य तृतीयपादे कोऽलङ्कारः?**

(a) रूपकम्  (b) अर्थान्तरन्यासः
(c) उपमा  (d) अनन्वयः

**Ans : (c)** सम्प्रति-पद्य के तीसरे वाक्य में उपमा अलंकार है। दो वस्तुओं में समान धर्म के प्रतिपादन को 'उपमा' कहते हैं। उपमा का आशय है–समता, तुलना या बराबरी। उपमा के लिए चार बातें आवश्यक हैं–(i) उपमेय, (ii) उपमान, (iii) समानता वाचक पद और समान कार्य।

**निर्देश : सर्वोपयुक्तं विकल्पं चित्वा निम्नलिखितप्रश्नान् उत्तरत।**

**136. सम्प्रेषणात्मकभाषाशिक्षणे उपयोगरूढिशब्दौ यथासंख्यम् एतत् सूचयतः**

(a) कोशस्योपयोगम् अर्थं च
(b) अर्थ रूपं च
(c) ध्वनिशास्त्रं व्याकरणं च
(d) व्याकरणं ध्वनिविज्ञानं च

**Ans : (c)** सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण में उपयोगी रुढ़ि शब्द ध्वनि शास्त्र एवं व्याकरण को सूचित करती है। व्याकरण के अभ्यास द्वारा संस्कृत पढ़ाई जाती है। ध्वनि शास्त्र का ज्ञान कराया जाता है। ये दोनों रूढ़ि शब्द सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण के लिए उपयोगी है।

**137. भाषाशिक्षणे नियन्त्रणं नाम**

(a) लक्ष्यभाषायाः निरर्गलोपयोगः
(b) परिवीक्षित-भाषाशिक्षणम्
(c) उपाध्यायनियन्त्रित-भाषाशिक्षणम्
(d) यथार्थतां निर्धारयितुं व्याकरणस्योपयोगः

**Ans : (d)** भाषा शिक्षण में नियन्त्रण का नाम इस प्रकार है– ''यर्थार्थतां निर्धारपितुं व्याकरणस्योपयोगः'' अर्थात् यथार्थता निर्धारण करने के लिए व्याकरण का उपयोग किया जाता है।

**138. छात्रैः कृताः सर्वे भाषादोषाः अध्यापकेन नैव शोधनीयाः यतः**

(a) तदत्यन्तदुष्करम्
(b) प्रायो दोषाः भाषावबोधनमं सूचयन्ति
(c) दोषशोधनं भाषाबोधनस्य भागो न
(d) छात्राः शिक्षकान् परीक्षितुं सोद्देशं दोषान् कुर्वन्ति

**Ans : (b)** छात्रों द्वारा भाषा दोष प्रायः भाषा के स्पष्टीकरण में विसंगति प्रकट करता है। अतः इस पर अध्यापक द्वारा विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

**139. शिक्षासम्बद्ध-मूलभूताधिकारःसंविधानस्यानेन परिष्करणेन कार्यान्वयी कृतः**

(a) संविधानस्य त्र्यशीतितमेन परिष्करणेन
(b) संविधानस्य षड्शीतितमेन परिष्करणेन
(c) संविधानस्य त्रिनवतितमेन परिष्करणेन
(d) संविधानस्य षण्णवतितमेन परिष्करणेन

**Ans : (b)** शिक्षा से सम्बन्धित मूलभूत अधिकार संविधान के 86वें संविधान संशोधन 2007 में स्वीकृत किया गया था। अर्थात् 86वें संविधान संशोधन में शिक्षा को मूलाधिकार के अन्तर्गत शामिल किया गया।

**140. उच्चप्राथमिकस्तरे पठनकौशलं परीक्षितुम् उत्तमोपायः**

(a) निगदितपाठ्ययपुस्तकोपयोगः
(b) कठिनतमपाठानुच्छेदानाम् उपयोगः
(c) उचितकाठिन्यस्तरणां अदृष्टपूर्वाणाम् अनुच्छेदानाम् उपयोगः
(d) अभिजातकाव्यानामेव संग्रहस्योपयोगः

**Ans : (c)** उच्च प्राथमिक स्तर पर पठनकौशल के परीक्षण का सबसे उत्तम उपाय है–उचित, कठिन शब्द के स्तरों तथा पूर्व में पढ़ाये गये अनुच्छेदों का उपयोग करना।

**141. छात्राणां स्वायत्ततां प्रोन्नतीकर्तुं परिणामकारिषु मार्गेषु एकः**

(a) परिप्रश्नं कर्तुं छात्राणां प्रोत्साहनम्
(b) कठोरानुशासनविधिः
(c) निगदितपाठ्यानां सविस्तरं पाठनम्
(d) पौनःपुन्येन छात्राणां परीक्षणम्

**Ans : (a)** छात्रों से प्रश्नों का पूछा जाना उनके ज्ञान को प्रोत्साहित करता है। इससे उनमें अध्ययन के प्रति विशेष रुचि बनी रहती है। प्रश्नों का सटीक उत्तर देना उनकी अपनी ज्ञान-गरिमा का बोधक होता है।



https://teacherscare.in/

**142.रचनात्मकाकलनस्य प्रधानोद्देशः**

(a) उत्तीर्णतायाः अनुत्तीर्णतायाश्च निर्धारणम्
(b) उपलब्धिमापनम्
(c) बोधनाध्ययनोन्नतीकरणम्
(d) छात्रदोषान्वेषणम्

**Ans : (c)** रचनात्मक आकलन का प्रधान या प्रमुख उद्देश्य बोधन (ज्ञान) के अध्ययन की उन्नति करना है। अर्थात् ज्ञान के अध्ययन का आकलन रचनात्मकता द्वारा किया जाता है।

**143.व्याकरण-बोधनस्योत्तमोपायः**

(a) सविवेकं व्याकरणांशाभ्यासस्योपयोगः
(b) अलङ्कारबोधने केन्द्रीकरणम्
(c) व्याकरणकार्याणाम् एकीकृतोपयोगः
(d) व्याकरणसूत्राणां छात्रैः कण्ठस्थीकरणम्

**Ans : (c)** व्याकरण के ज्ञान का सबसे उत्तम उपाय है–'' व्याकरणकार्याणाम् एकीकृतोपयोगः।'' अर्थात् व्याकरण के ज्ञान के लिए क्रियात्मक व्याकरण की एकीकृत उपयोग अनिवार्य है। मातृभाषा के लिए क्रियात्मक व्याकरण उपयुक्त हो सकता है अर्थात् छात्र को उस भाषा का प्रारम्भिक ज्ञान कराना चाहिए। व्याकरण को वेद का मुख बताया गया है।

**144.भाषाध्ययने आकलने च विभागः (Portfolio) नाम–**

(a) सावधिकलेखनिकपरीक्षा
(b) प्रतिसन्नं क्रियमाणा मौखिकी परीक्षा
(c) छात्रायाः कालिकः कार्यसंग्रहः, यः तस्याः प्रगतिं दर्शयेत्
(d) प्रतिसन्नं छात्रव्यवहाराभिलेखनम्

**Ans : (c)** भाषा अध्ययन और आकलन के विभाग का नाम इस प्रकार है–'' छात्रायाः कालिकः कार्यसंग्रहः, यः तस्याः प्रगतिं दर्शयेत्'' अर्थात् छात्रों का समयानुसार कार्यों का संग्रह तथा उसकी प्रगति को देखना चाहिए।

**145.इतिवृत्ताभिलेखनस्योपयोगः**

(a) शैक्षणिकक्षेत्राणां प्रशस्यता
(b) जीवनस्य अभिवृत्तीनां मौल्यानां जीवनकौशलानाम् आकलनम्
(c) छात्राणां क्रियात्मकावश्यकतानां विश्लेषणम्
(d) भाषिकनैपुण्याकलने सहाय्यम्

**Ans : (b)** इतिवृत्त अभिलेखन का उपयोग मौलिक जीवन में कुशलता के आंकलन से सम्बन्धित है।

**146.पाठ्यस्य संवेगपरिसर्पणं नाम**

(a) निर्दिष्टसूचनान्वेषणम्
(b) पाठ्यवस्तुनः प्रमुखोद्देशं द्रष्टुं शीघ्रावलोकनम्
(c) असम्बद्धसूचनात्यजनम्
(d) मन्दं मन्दं सावधानं च पाठ्यस्य पठनम्

**Ans : (c)** पाठ के संवेगपरिसर्पण का नाम इस प्रकार है–' असम्बद्धसूचनात्यजनम्' अर्थात् पाठ में जो भी सूचनाएं उससे असम्बद्ध हो अर्थात् उस पाठ से सम्बन्ध न रखती हो उनका परित्याग कर देना चाहिए। इसे ही पाठ का सवेगपरिसर्पण कहा गया है।

**147.कक्ष्यायां शिक्षिका विविधान् उपायान् प्रक्रियाश्च एतदर्थम् उपयुञ्जीत**

(a) स्ववैदग्ध्यं प्रदर्शयितुम्
(b) परिणामकारितया छात्रान् आकलयितुम्
(c) शीघ्रं पदोन्नतिं स्थिरीकर्तुम्
(d) विविधच्छात्रप्रकाराणाम् आवश्यकताः पूरयितुम्

**Ans : (d)** कक्षा में शिक्षिका अनेक प्रकार के उपायों व प्रक्रियाओं का प्रयोग करती है जो इस प्रकार हैं–कक्षा में अनेक प्रकार के छात्र रहते हैं, शिक्षिका उन सबकी आवश्यकताओं को पूरा करती है।

**148.चित्राङ्कने 'पैचार्ट (pie-chart) मध्ये च प्रदत्तं विषयम् उपयुज्य प्रबन्धं रचयितुं यदा छात्राः निर्दिष्टाः तदा प्रधानोद्देशोऽयं भवति**

(a) विविधतन्त्रैः विस्तृताध्ययनम्
(b) प्रशंसाद्वारा सर्जनात्मकतायाः पोषणम्
(c) शब्दावल्याः पोषणाय साहित्यिककौशलानां प्रवृद्धिः
(d) चित्राङ्कनतः शब्दरूपेण विषयाणां परिवर्तनम्

**Ans : (d)** चित्राङ्कन में विषय से सम्बद्ध 'पैचार्ट' उनके मध्य प्रदान करके तथा उनके उपयोग का प्रबन्ध या उपाय करके जब छात्रों को निर्देशित किया जाता है तब उनका प्रमुख उद्देश्य चित्राङ्कन का शब्द के रूप में विषयों का परिवर्तन होता है।

**149.यदा अध्यापिका अवगमने क्लेशान् न्यूनतां च ज्ञातुं परीक्षां करोति, तादृशी परीक्षा एवं भवति**

(a) सिद्धिपरीक्षा
(b) नैपुण्यपरीक्षा
(c) निदानात्मिका परीक्षा
(d) उपचारात्मकपरीक्षा

**Ans : (d)** जब अध्यापिका आती है या आगमन पर कष्ट (क्लेश) और न्यूनता के ज्ञान की परीक्षा करती है तो उसे उपचारात्मक परीक्षा कहा जाता है अर्थात् इसमें छात्रों की कमियों का उपचार किया जाता है।

**150.छात्राः कथायाः अन्तं परिवर्त्य कथां पुनर्लेखितुं यदा निर्दिश्यन्ते, तथा प्रधानोद्देशः**

(a) कारसंग्रहकौशलवर्धनम्
(b) टिप्पणीलेखनशक्तिवर्धनम्
(c) भावानुवादकौशलवर्धनम्
(d) छात्रसर्जनात्मकतावर्धनम्

**Ans : (d)** कथा के अन्त में जब छात्रों से परिवर्तन करके कथा को लिखने के लिए जब निर्देशित किया जाता है तो उसका प्रमुख उद्देश्य छात्रों की सृजनात्मक (रचनात्मक) शक्ति को बढ़ाना होता है।



https://teacherscare.in/